

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -149 जबलपुर, बुधवार 08 जुलाई 2026 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### जबलपुर के बड़ा फुहारा में ताश के पत्तों की तरह ढह गई तीन मंजिला इमारत, पूरे क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से घेर लिया गया



## बड़े फुहारा में भरभराकर गिरी इमारत, मची अफरा-तफरी



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। ।शहर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल बड़े फुहारा में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक कपड़ा दुकान की वर्षों पुरानी इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। तेज धमाके जैसी आवाज के साथ भवन के ध्वस्त होते ही आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर घबरा गए तथा क्षेत्र में कुछ समय के लिए भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार ध्वस्त हुई इमारत राजा जैन की कपड़ा दुकान की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भवन अचानक जमींदोज हो गया, जिससे पूरे इलाके में धूल का गुबार फैल गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना के समय बड़ी संख्या में लोग क्षेत्र में मौजूद थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि या गंभीर घायल होने की सूचना नहीं मिली है। **सूचना मिलते ही पहुंचा प्रशासन**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के क्षेत्र को तत्काल खाली कराया गया और बैरिकेडिंग कर आवागमन को नियंत्रित किया गया। मलबे में किसी के दबे होने की आशंका को देखते हुए रेस्क्यू अभियान भी चलाया गया।

**जर्जर भवन होने की आशंका**

प्रारंभिक जांच में भवन के काफी पुराने और जर्जर होने की बात सामने आ रही है। हालांकि इमारत गिरने के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और भवन की तकनीकी स्थिति का भी परीक्षण कराया जा रहा है।

**आसपास की इमारतों का होगा निरीक्षण**

हादसे के बाद प्रशासन सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि बड़े फुहारा सहित शहर के अन्य व्यस्त क्षेत्रों में स्थित पुरानी और जर्जर इमारतों का भी निरीक्षण कराया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जर्जर भवनों के संबंध में जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

जर्जर और क्षतिग्रस्त भवनो को करें चिन्हित

**लोक निर्माण मंत्री ने बड़ा फुहारा घटना पर कलेक्टर से चर्चा कर दिए निर्देश**

जबलपुर। बड़ा फुहारा क्षेत्र में बिल्डिंग गिरने की घटना के बाद लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर घटना की जानकारी ली। मंत्री श्री सिंह बैठक में शामिल होने भोपाल प्रवास पर है।

मंत्री श्री सिंह ने कलेक्टर से चर्चा कर निर्देशित किया कि इस तरह की दुर्घटना भविष्य में न हो इसके लिए सावधानी बरतना होंगी साथ ही बड़ा फुहारा क्षेत्र के अलावा जहाँ पुरानी बसाहट है उनके सभी क्षेत्र में ऐसी भवनो को चिन्हित किया जाये और उचित कार्यवाही कि जाये ताकि आने वाले समय में इस तरह की घटना ना हो।

**मौके पर पहुंचे टीम के साथ निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार**

### जर्जर नहीं था मकान, पड़ोसी के मकान तोड़ने से गिरा हिस्सा, नगर निगम ने तेज किया सुरक्षा अभियान



जबलपुर। **( नगर प्रतिनिधि )**। शहर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र बड़ा फुहारा में हुई मकान ढहने की घटना को लेकर एक बड़ा हादसा टला है। प्राथमिक जांच और स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, मकान जर्जर श्रेणी में नहीं था। दरअसल, पड़ोस में रहने वाले एक परिवार द्वारा नया निर्माण कार्य कराने के लिए अपने घर की दीवार तोड़ी जा रही थी। इस तोड़फोड़ के कारण मुख्य मकान के पिलर कमजोर हो गए, जिसके परिणामस्वरूप मकान के सामने का हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। इस घटना के बाद नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में जबलपुर नगर निगम द्वारा जनहित और नागरिक सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभी मौके पर हालचाल जानने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार टीम को लेकर पहुंच गए हैं। महापौर और निगमायुक्त के कड़े निर्देशों के बाद नगर निगम की टीमें शहर भर में सक्रिय हो गई हैं। मॉनसून और जनसुरक्षा के मद्देनजर शहर के सभी क्षेत्रों में वास्तव में जर्जर और खतरनाक हो चुके भवनों को तेजी से चिन्हित किया जा

### देशभर में मानसून का कहर

## नासिक में बादल फटने की चेतावनी, त्र्यंबकेश्वर मंदिर बंद; जम्मू में बाढ़, कई राज्यों में रेड अलर्ट

नई दिल्ली/नासिक। (आरएनएस)। देशभर में मानसून ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। महाराष्ट्र के नासिक और त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में 300 मिमी तक बारिश और बादल फटने की आशंका जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। एहतियातन नासिक के सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं, जबकि त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर और सप्तश्रृंगी मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

रत्नागिरी जिले के शेलारवाड़ी में भारी बारिश के चलते हुए लैंडस्लाइड में एक मकान का हिस्सा ढह गया। एक महिला को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि दो लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका के बीच राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, बाढ़ से मची तबाही

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के




थथरी क्षेत्र में बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ से पानी, पत्थर और मलबा रिहायशी इलाकों में घुस गया। कई वाहन मलबे में दब गए और सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हो गई। किश्तवाड़ जिले में भी बाढ़ के कारण कई गाड़ियां कीचड़ और पत्थरों के बीच फंस गईं।

ठाणे में पर्यटन स्थलों पर रोक

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भारी बारिश के रेड अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने अगले आदेश तक किले, झरनों, बांधों, झीलों और नदियों के आसपास पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है।

मौसम विभाग ने 70 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है।

राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में भी भारी बारिश

राजस्थान के जोधपुर, पाली, जालोर और बाड़मेर में सोमवार को तीन इंच तक बारिश दर्ज की गई, जिससे कई स्थानों पर जलभराव हो गया। जयपुर समेत सात जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी है। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में मंगलवार को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली और बरेली में तेज बारिश हुई, जबकि सहारनपुर में शाकंभरी नदी का जलस्तर बढ़ने पर प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की।

मध्य प्रदेश में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय है। मौसम विभाग ने 31 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य में अब तक औसतन सात इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है।

अन्य राज्यों में भी अलर्ट

उत्तराखंड के देहरादून, नैनीताल समेत छह जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा और बिहार में भी अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बिहार में 6 से 12 जुलाई तक सात दिनों के लिए भारी बारिश का हाई अलर्ट जारी किया गया है।

अगले दो दिन कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार 8 और 9 जुलाई को उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, असम, मेघालय, सिक्किम, गोवा, तेलंगाना और कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

### जबलपुर-मंडला रोड पर हादसा

## पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिरी बुलेरो, महिला रेंजर सोनम जैन सहित चार घायल



जबलपुर। (नगर प्रतिनिधि) जबलपुर से मंडला जाने निकली महिला रेंजर सोनम जैन की बुलेरो जीप बीती रात 11 बजे के लगभग रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिर गई। हादसे में सोनम जैन सहित चार लोग घायल हो गए। घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए, जिन्होने स्थानीय लोगों की मदद से सभी चार लोगों को जीप से बाहर निकालकर जबलपुर रवाना किया है। हादसा मोटर साइकल सवार युवक को बचाने के चक्कर में हुआ है।

बताया गया है कि वन विभाग में रेंजर के पद पर पदस्थ सोनम जैन बीती रात बुलेरो जीप से जबलपुर से मंडला जाने के लिए निकली, गाड़ी जब बालई नदी के पुल से आगे बढ़ रही थी, इस दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार सामने आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और बुलेरो रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिर गई। जीप के नदी में गिरते ही सोनम जैन सहित अन्य लोगों में चीखपुकार मच गई। वहीं बुलेरो को नदी में देख राह चलते वाहन सवार रुक गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला, इसके बाद जीप को क्रेन से बाहर किया। खबर है हादसे के वक्त नदी में पानी कम था जिसके चलते बुलेरो नदी में गिरने के बाद पलटी नहीं, जिससे गाड़ी के अंदर सवार लोगों को निकालने का मौका मिल गया और एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

घायलों को जबलपुर भेजा गया-

हादसे में मंडला की रेंजर सोनम जैन सहित अभ्यांश जैन उम्र 3 वर्ष, शिवानी यादव उम्र 19 वर्ष सहित एक अन्य को चोट आई है। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया है। घायलों में रेंजर सोनम जैन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ( से.नि. ) के मार्गदर्शन में जरूरतमंद प्रतिभाओं को मिलेगी नई उड़ान

## स्कोप डिफेंस अकादमी भोपाल द्वारा 'सुपर-30' छात्रों हेतु निःशुल्क एनडीए प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ



भोपाल (निप्र)। सुभाष एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल, भोपाल में आज एक गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक अवसर देखने को मिला, जब स्कोप डिफेंस अकादमी, भोपाल द्वारा चयनित 30 मेधावी विद्यार्थियों के लिए एनडीए परीक्षा की तैयारी हेतु एक सघन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। सुपर-30 नामक यह विशेष बैच पूर्णतः निःशुल्क है, जो समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होनहार बच्चों को देश की सबसे प्रतिष्ठित रक्षा परीक्षा उत्तीर्ण करने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम एक कुशल सैन्य रणनीतिकार एवं स्कोप डिफेंस अकादमी के निदेशक, मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (से.नि.) के प्रत्यक्ष दिशा-निर्देशन एवं कुशल नेतृत्व में संचालित होगा। मेजर जनरल श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा, यह केवल एक कोचिंग नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। हमारा लक्ष्य इन 30 चयनित विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक रूप से इतना सशक्त बनाना है कि वे आने वाले वर्षों में भारतीय सशस्त्र बलों के अभिन्न अंग बनकर राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। गौरतलब है कि सुभाष एक्सीलेंस स्कूल परिसर में संचालित होने वाली यह कक्षाएं 7 जुलाई 2026 से औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गई हैं। स्कोप डिफेंस अकादमी द्वारा डिज़ाइन किए गए इस पाठ्यक्रम में एनडीए की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार पर विशेष बल दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया में सुभाष स्कूल ,कमला नेहरु स्कूल और मॉडल स्कूल के सैकड़ो आवेदकों में से 30 मेधावी छात्रों का चयन किया गया है। इस भव्य उद्घाटन समारोह में दैनिक क्षितिज किरण के डायरेक्टर श्री विलक्षण सक्सेना सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे।

## नर्मदा परियोजना के दशकों पुराने भुगतान विवाद पर चार राज्यों में बनी सहमति, समझौते पर हुए हस्ताक्षर



नई दिल्ली.(आरएनएस)। नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर परियोजना से जुड़े वर्षों पुराने भुगतान विवाद को सुलझाने की दिशा में मंगलवार को बड़ा कदम उठाया गया. मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र ने परियोजना से संबंधित लंबित वित्तीय दायित्वों के निपटारे के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए. केंद्र सरकार ने इसे सहकारी संघवाद की दिशा में अहम उपलब्धि बताया है.

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल तथा चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए. सरकार के अनुसार यह समझौता नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण के निर्णय के तहत विभिन्न राज्यों के बीच लंबित भुगतान संबंधी दायित्वों को सुलझाने के उद्देश्य से किया गया है. सरकारी बयान के मुताबिक सरदार सरोवर परियोजना की लागत साझा करने के संबंध में कई वर्षों से कुछ वित्तीय भुगतान लंबित थे. अब सभी संबंधित राज्यों ने आपसी सहमति से एकमुश्त व्यवस्था के तहत इन बकाया दायित्वों के निपटारे पर सहमति व्यक्त की है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि नर्मदा अवार्ड के तहत लंबित भुगतान का मुद्दा वर्षों से अनसुलझा था, लेकिन अब लाभार्थी राज्यों के बीच आपसी सहमति और संवाद के माध्यम से इसका समाधान निकाल लिया गया है. उन्होंने कहा कि यह समझौता इस बात का उदाहरण है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर संवाद के जरिए जटिल अंतरराज्यीय विवादों का समाधान कर सकती हैं. केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरदार सरोवर परियोजना ने गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लाखों लोगों को सिंचाई, पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने कहा कि विशेष रूप से राजस्थान के जिन क्षेत्रों तक नर्मदा का पानी पहुंचा है, वहां कृषि उत्पादन की संभावनाएं बढ़ी हैं और भूमि के मूल्य में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना रांझी में रात नवीन गुप्ता उम्र 31 वर्ष निवासी शंकर नगर बड़ा रांझी ने लिखित शिकायत की कि अपने घर पर अपने वन प्लस कम्पनी के मोबाइल पर यूट्यूब से गाना सुन रहा था तभी उसका मोबाइल हैक होकर अपडेट होना दिखाने लगा फ्रि बंद हो गया और लगभग 10 मिनिट बाद चालू हो गया फ्रि शाम लगभग 4-45 बजे पुनः मोबाइल अपडेट दिखाकर बंद हो गया और 15-20 मिनिट बाद चालू हो गया इसी तरह दिनांक 10-6-26 की शाम लगभग 5-20 बजे पुनः अपडेट दिखाकर बंद हो गया और 15 मिनिट बाद चालू हो गया

**पौने 2 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे भारत माता मंदिर के निर्माण कार्यों का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने निगमाध्यक्ष,एम.आई.सी. सदस्यों, पार्षदों और अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण**

# राष्ट्र और भारत माता हमारे लिए सर्वोपरि - महापौर अन्नू

**15 अगस्त के दिन भव्यता और दिव्यता के साथ भारत माता मंदिर का किया जायेगा लोकार्पण - महापौर**



महापौर ने अधिकारियों को निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने के दिये निर्देश



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्र और भारत माता हमारे लिए सर्वोपरि हैं। इसी भावना को साकार करते हुए आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शहर में नवनिर्मित भारत माता मंदिर का भव्यता और दिव्यता के साथ लोकार्पण किया जाएगा। यह बात महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने मंदिर निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण के दौरान कही।

नागरिकों को देशभक्ति के सूत्र में पिरोने और एक अनूठी सौगात देने के उद्देश्य से पौने 2 करोड़ रुपये की लागत से इस भव्य भारत माता मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। महापौर श्री अन्नू ने एम.आई.सी. सदस्यों, पार्षदों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

गुणवत्ता और समय-सीमा पर महापौर का विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शहर के गौरव और जन-भावनाओं से जुड़ी है, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने सभी शेष कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर यानी 15 अगस्त से पहले अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि समय पर लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान निगमाध्यक्ष रिंकू विज,एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, डॉ. सुभाष तिवारी, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, पार्षद श्रीमती प्रतिभा भापकर, श्रीमती सोनिया रंजीत सिंह, अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा, सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से के साथ सहायक यंत्री श्रीमती दीप्ति भनारिया, उपयंत्री सौरभ चौकसे आदि उपस्थित रहे।

**बैठक में निगमायुक्त का सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण व त्वरित निराकरण करने पर विशेष जोर**

# निगमायुक्त ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा,आपदा प्रबंधन कंट्रोल रुम को चौबीस घंटे सक्रिय रखने के दिए निर्देश

**संभाग स्तर पर नाला-नालियों की युद्धस्तर पर सफाई और आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट रहने निगमायुक्त के निर्देश**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम के आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा आज निगम मुख्यालय के में लोककर्म, जलप्रदाय, अमृत योजना, सीएम हेल्पलाइन एवं आपदा प्रबंधन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि लोकहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से कराएं। उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को मैदानी स्तर पर उतरकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा उन्हें निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को कहा कि तीन महीने तक पर्यावरण संरक्षण और पानी बचाओ अभियान वार्डों में चलाएं।

?संभाग स्तरीय कंट्रोल रूम 24×7 रहेगा सक्रिय, नाला सफाई में तेजी के निर्देश मौसम और संभावित जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए निगमायुक्त ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि संभाग स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखा जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता पहुँचाई जा सके। इसके साथ ही, शहर के सभी छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ड्रेनेज व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

?सीएम हेल्पलाइन सर्वोच्च प्राथमिकता

?निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण होना चाहिए। एल-1 और एल-2 स्तर पर ही शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए समय-सीमा तय की गई है।

?अमृत योजना एवं बुनियादी ढांचा विकास की समीक्षा

?बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा निम्नलिखित प्रमुख विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में ?शहर के नागरिकों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लीकेज सुधारने और टेल-एंड तक पानी पहुँचाने के निर्देश दिए गए।

अमृत ?योजना के अंतर्गत प्रगतिरत सीवरेज नेटवर्क और उद्यानों के कार्यों की गति बढ़ाने तथा निर्धारित माइलस्टोन के तहत काम पूरा करने को कहा गया।

?बैठक में सड़कों के संधारण, निर्माण कार्यों और अन्य अधोसंरचना विकास में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की कड़ाई से जांच करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए ।

बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

?बैठक में पसभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# रादुविवि में लोकपाल-एसजीआरसी व्यवस्था पर यूजीसी सख्त, कुलगुरु व कुलसचिव को तत्काल कार्रवाई के निर्देश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में छात्र शिकायत निवारण व्यवस्था से जुड़ी कथित अनियमितताओं का मामला अब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) तक पहुंच गया है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए यूजीसी के राज्य विश्वविद्यालय अनुभाग ने विश्वविद्यालय के कुलगुरू एवं कुलसचिव को पत्र जारी कर मामले में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ता और आयोग दोनों को कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता अदनान अंसारी ने 6 जुलाई 2026 को यूजीसी के वरिष्ठ अधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से विस्तृत शिकायत प्रेषित की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में यूजीसी (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम, 2023 का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। साथ ही, मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 2 फरवरी 2026 को जारी निर्देशों में उल्लिखित अनिवार्य वैधानिक प्रावधानों के समुचित पालन पर भी प्रश्न उठाए गए हैं। शिकायत के अनुसार विश्वविद्यालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर केवल छात्र शिकायत निवारण समिति (एसजीआरसी) से संबंधित एक सामान्य अधिसूचना प्रकाशित कर औपचारिकता का निर्वहन किया, जबकि विनियमों के अनुरूप लोकपाल एवं एसजीआरसी की संरचना, कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, संपर्क विवरण, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल की उपलब्धता, विद्यार्थियों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार तथा अन्य आवश्यक वैधानिक सूचनाओं के प्रकाशन एवं प्रभावी क्रियान्वयन जैसे प्रावधान अब तक पूर्ण रूप से लागू नहीं किए गए।

सूत्रों के अनुसार, शिकायत यूजीसी सचिव प्रो. श्यामा रथ के कार्यालय पहुंचने के बाद इसे राज्य विश्वविद्यालय अनुभाग को अग्रेषित किया गया। इसके बाद 7 जुलाई 2026 को अनुभाग ने विश्वविद्यालय के आधिकारिक ई-मेल एवं कुलसचिव कार्यालय को पत्र भेजकर निर्देशित किया कि शिकायत में उठाए गए बिंदुओं पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा उसकी जानकारी शिकायतकर्ता और यूजीसी दोनों को उपलब्ध कराई जाए।

उल्लेखनीय है कि यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों में छात्रों की शिकायतों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण के लिए लोकपाल एवं छात्र शिकायत निवारण समिति की व्यवस्था अनिवार्य की है। वहीं, मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने भी 2 फरवरी 2026 को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को यूजीसी विनियम-2023 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद शिकायत में रादुविवि में आवश्यक व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रश्न उठाए गए हैं।

# गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अशोकनगर-दिल्ली-अशोकनगर के बीच एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा एवं गुरू पूर्णिमा पर्व के दौरान तीर्थ यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, रेलवे प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के मध्य एक-एक ट्रिप के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन संचालन विवरण इस प्रकार है-

गाड़ी संख्या 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के लिए दिनांक 26.07.2026 (रविवार) को दोपहर 12:15 बजे प्रस्थान कर फरीदाबाद रेलवे स्टेशन (13:40/13:42 बजे), कोसीकलां रेलवे स्टेशन (14:55/14:57 बजे), मथुरा जंक्शन (16:20/16:25 बजे), आगरा कैंट (17:10/17:15 बजे), धौलपुर रेलवे स्टेशन (19:08/19:10 बजे), ग्वालियर जंक्शन (20:45/20:50 बजे), वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन (22:40/22:45 बजे) एवं बीना जंक्शन (02:30 /03:00 बजे) पर आगमन /प्रस्थान कर दिनाँक 27.07.2026 को अशोक नगर रेलवे स्टेशन पर 04:00 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 04003 अशोकनगर रेलवे स्टेशन से दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के लिए दिनांक 30.07.2026 (गुरूवार) को शाम 17.00 प्रस्थान कर बीना जंक्शन (18:40 /19:10 बजे), वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन (22:10/22:20 बजे), ग्वालियर जंक्शन (00:15/00:20 बजे), धौलपुर रेलवे स्टेशन (01:35/01:37 बजे), आगरा कैंट (02:40/02:45 बजे), मथुरा जंक्शन (04:20/04:25 बजे), कोसीकलां रेलवे स्टेशन (04:58/05:00 बजे) एवं फरीदाबाद रेलवे स्टेशन (07:10/07:15 बजे) पर आगमन /प्रस्थान कर दिनाँक 31.07.2026 को दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर 08:45 बजे पहुँचेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 01 थर्ड, 02 स्लीपर, 19 जनरल कोच एवं 02 एसएलआर कोच शामिल हैं।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे इस स्पेशल ट्रेन सेवा का अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपनी यात्रा को सुविधाजनक एवं सुरक्षित बनाएं। इस स्पेशल ट्रेन के ठहराव, समय एवं संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

**साइबर सिक्योर 2026 अभियान के तहत एमपी ट्रांसको में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

# डिजिटल दुनिया में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के शक्ति भवन मुख्यालय जबलपुर में साइबर सिक्योर 2026 अभियान के अंतर्गत साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश साइबर पुलिस जोन जबलपुर के विशेषज्ञों ने पावर सेक्टर में बढ़ते साइबर खतरों, साइबर अपराधों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उप पुलिस अधीक्षक राज्य साइबर पुलिस श्रीमती उमाकांती आर्मो के नेतृत्व में विशेषज्ञों ने एम पी ट्रांसको के कार्मिकों को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, मोबाइल एप्स के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ट्रेडिंग फ्रॉड तथा साइबर ठगी के नए तरीकों से बचाव के बारे में प्रशिक्षित किया। साथ ही संदिग्ध कॉल, फर्जी लिंक, ई-मेल और डिजिटल लेनदेन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला गया।

पावर सेक्टर में साइबर खतरों से किया सचेत-

साइबर विशेषज्ञ एवं सब-इंस्पेक्टर श्री मोहित पांडे ने पावर सेक्टर पर बढ़ते साइबर खतरों की चर्चा करते हुए साइबर सुरक्षा को ऊर्जा अवसंरचना की सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया तथा साइबर फ्रॉड की स्थिति में त्वरित रिपोर्टिंग और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। वहीं साइबर विशेषज्ञ श्री राज शर्मा ने एआई युग में साइबर सुरक्षा की चुनौतियों, फर्जी ई-मेल से बचाव, प्रमाणित वेबसाइटों के उपयोग और संचार साथी ऐप की उपयोगिता पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में एसएलडीसी के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी श्री राजेश गुप्ता, एमपी ट्रांसको के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. हिमांशु श्रीवास्तव सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कल्पना धुर्वे ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लगभग 150 कार्मिकों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

# पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत अपने घर से करें, भारतीय ज्ञान परंपरा ही भविष्य का मार्ग - डॉ. अतुल कोठारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल प्रांत एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में श्री राम ग्रुप, जबलपुर में पर्यावरण संरक्षण में भारतीय ज्ञान प्रणाली की भूमिका विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ मंगलवार को गरिमामय वातावरण में हुआ। उद्घाटन सत्र में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं, शिक्षाविदों, पर्यावरणविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न करना तथा वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान हेतु भारतीय चिंतन को व्यवहार में लाने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि आज विश्व जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन समस्याओं का स्थायी समाधान भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय जीवन दर्शन में निहित है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार में जल बचाने, वृक्ष लगाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प ले, तो समाज में व्यापक परिवर्तन संभव है।

डॉ. कोठारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पृथ्वी को माता, नदियों को देवी, वृक्षों को देवतुल्य और समस्त जीव-जगत को एक परिवार के रूप में देखा गया है। यही दृष्टि भारत को विश्व के सामने पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी मॉडल प्रस्तुत करने की क्षमता प्रदान करती है। उन्होंने युवाओं से भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझने और उसे व्यवहार में उतारने का आह्वान किया।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक संजय स्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश देती है। यदि समाज भारतीय जीवन मूल्यों को अपनाकर जल, जंगल, जमीन, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण जागरूकता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजेश वर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने राष्ट्रीय एकता एवं भारतीय भाषाओं के महत्व पर बल देते हुए उपस्थित सभी लोगों को 卐एक नाम भारत卐 का संकल्प दिलाया तथा अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में कार्य करना आत्मगौरव, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। भारतीय भाषाओं के व्यापक उपयोग से ही ज्ञान का लोकतंत्रीकरण और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है।




मंच पर श्री राम ग्रुप के संचालक श्री आर के करसोलिया, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के कुलगुरु डॉ. राजेंद्र कुरारिया, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर के कुलाधिपति डॉ. अजय तिवारी, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल के प्रांत संयोजक (पर्यावरण) डॉ. सुरेंद्र सिंह, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग डॉ. अल्केश चतुर्वेदी तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण श्री राम ग्रुप के संचालक डॉ. पटेल ने दिया। उन्होंने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं का भी समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग, भारतीय कृषि परंपरा, पंचमहाभूत की अवधारणा तथा सतत विकास जैसे विविध विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित सिद्धांत आधुनिक पर्यावरणीय संकटों के समाधान में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।



भोपाल -आंधी-तूफान, तेज बारिश, बिजली गिरने जैसी प्राकृतिक चुनौतियों और अन्य अप्रत्याशित व्यवधानों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ( एमपी ट्रांसको ) की 593 एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ( ईएचवी ) ट्रांसमिशन लाइनों ने पिछले चार वर्षों ( करीब 1500 दिन ) से बिना किसी ब्रेकडाउन के निर्बाध विद्युत पारेषण का उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इससे विद्युत पारेषण व्यवस्था की विश्वसनीयता और मजबूती प्रमाणित हुई है।

**मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में उन्नत कृषि कार्यशाला में किसानों से किया संवाद- अत्याधुनिक हाईटेक नर्सरी एवं फ्लोरीकल्चर गार्डन का किया भूमिपूजन**

## उन्नत खेती व पशुपालन से बढ़ायेंगे किसानों की आमदनी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की आमदनी केवल एक फसल से नहीं बल्कि बहु फसलों एवं उन्नत पशुपालन से बढ़ेगी। इस बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा उन्नत व प्राकृतिक खेती के साथ-साथ पशुपालन को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। हम अगले पाँच वर्षों में मध्यप्रदेश को दुग्ध उत्पादन में नम्बर वन राज्य बनायेंगे।

इसी कड़ी में सरकार नेशनल डेयरी विकास योजना के तहत ग्वालियर दुग्ध संघ सहित साँची दुग्ध उत्पादन संघ को भरपूर मदद दे रही है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्नत कृषि पर हुई संभागीय कार्यशाला में मौजूद किसानों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कार्यशाला में किसानों से सीधा संवाद करते हुए जैविक व प्राकृतिक खेती पर अनुभव सुने।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में मूर्तरूप लेने जा रही अत्याधुनिक हाईटेक नर्सरी एवं फ्लोरीकल्चर गार्डन का भी रिमोट से भूमिपूजन किया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत लगभग 13 करोड़ रुपए की लागत से ग्वालियर के खुरैरी एवं ग्राम जहांगीरपुर में इस हाईटेक नर्सरी के प्रथम चरण का कार्य होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं कृषि से जुड़े अन्य विभागों की योजनाओं के तहत विभिन्न किसानों को हितलाभ भी वितरित किए।

कार्यक्रम में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री जयभान सिंह पवैया, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर व श्रीमती सरला रावत, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, अपेक्स बैंक के प्रशासक श्री महेन्द्र सिंह यादव, पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष श्री केशव सिंह बघेल, साडा अध्यक्ष श्री अशोक शर्मा, मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अशोक जादौन, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, श्री जयप्रकाश राजौरिया, किसान मोर्चा के पदाधिकारी श्री गिर्राज व्यास व श्री अमरदीप सिंह औलख सहित जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल रहे।

**सिंचाई रकबा होगा 100 लाख हैक्टेयर तक**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2023 के बाद सिंचाई रकबे में बड़ी बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2003 में प्रदेश का सिंचाई रकबा मात्र साढ़े 7 लाख हैक्टेयर था जो अब बढ़कर लगभग 50 लाख हैक्टेयर हो गया है। इसे हम 100 लाख हैक्टैयर तक ले जायेंगे। चंबल-पार्वती-काली सिंध एवं केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजनाओ के माध्यम से यह संभव हुआ। उन्होंने इन परियोजनाओं की मंजूरी के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति प्रदेशवासियों की ओर से विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

**किसान अब चिंता मुक्त होकर जमा कर सकते हैं कृषि ऋण**

किसानों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब प्रदेश के कृषकों को 31 मार्च तक ऋण जमा करने की चिंता नहीं रही है। सरकार ने अब उन्हें ऋण जमा करने के लिये पूरे एक साल का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में सरकार द्वारा सभी प्रकार के कृषि उत्पादों व पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ किसानों की सहूलियतों का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**खिड़क प्रणाली के स्थान पर गौ-शालाओं की स्थापना**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ माता कभी आवारा नहीं हो सकती। इसी भाव के साथ प्रदेश सरकार द्वारा गौ संरक्षण एवं स्वदेशी गाय पालन को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार ने इसी कड़ी में नगरीय क्षेत्रों में निराश्रित गायों को बंद करने के लिये कार्यरत खिड़क प्रणाली को समाप्त कर दिया है और बड़े पैमाने पर गौशालायें स्थापित की जा रही हैं। साथ ही देशी गायों में नस्ल सुधार के प्रयास भी प्रमुखता से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर की लाल टिपारा गौशाला की तरह प्रदेश के महानगर इंदौर, उज्जैन, जबलपुर व भोपाल में बड़ी गौशालाओं की स्थापना की जा रही है।

**जैविक व प्राकृतिक खेती पर किसानों ने किए अनुभव साझा**

उन्नत कृषि पर आयोजित हुई संभागीय कार्यशाला में कृषकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी कृषकों को अपने पास बुलाया और उत्साहवर्धन किया। ग्वालियर जिले के ग्राम बिलौआ निवासी उन्नत कृषक प्राण सिंह माथुर ने अपने अनुभव सुनाते हुए कहा कि वे अपने छोटे से कृषि फार्म में सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। उन्होंने पाँच नए किस्म के पौधों की खोज की है, जिसे वैज्ञानिक स्तर पर मान्यता मिल चुकी है। उनके द्वारा ईजाद किए गए अमरूद की बिलौआ-22卐 व 卐बिलौआ-रेड卐 किस्म पेटेंट हो चुकी हैं। प्राण सिंह अब तक 50 हजार से अधिक कृषकों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दे चुके हैं। इसी तरह ग्राम देवरा निवासी बृजेन्द्र रावत ने बताया कि उन्होंने रासायनिक खेती छोड़कर पूरी तरह प्राकृतिक खेती को अपना लिया है। उन्नत प्राकृतिक खेती के लिये उनकी धर्मपत्नी को राष्ट्रीय स्तर पर पाँच अवार्ड मिल चुके हैं। भगवानपुरा मुरार निवासी कृषक श्री देवराज कुशवाह का कहना था कि वे अब प्राकृतिक पद्धति से गेहूँ व सरसों जैसी खाद्यान्न फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। इसके अलावा वे भिंडी, गेहूँ, मिर्च व आलू जैसी फसलें भी पैदा करते हैं।

**मुख्यमंत्री ने समन्वित कृषि प्रणाली एवं बहु-स्तरीय कृषि पद्धति इकाइयों का किया लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में समन्वित कृषि प्रणाली इकाई एवं बहु-स्तरीय कृषि पद्धति इकाई का लोकार्पण भी किया। किसानों के लिए आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी खेती का व्यावहारिक मॉडल कृषि विश्वविद्यालय ने विकसित किया है।

**जवाहर बाल भवन के स्थापना दिवस समारोह का हुआ गरिमामय समापन-विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चे हुए पुरस्कृत**

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध- मंत्री सुश्री भूरिया



भोपाल-(आरएनएस) महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास और उन्हें एक सुरक्षित, सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को सही मंच देना समाज और सरकार दोनों की साझी जिम्मेदारी है।

मंत्री सुश्री भूरिया मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित %जवाहर बाल भवन, भोपाल% के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक प्रतियोगिताओं के गरिमामय समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने विभिन्न रचनात्मक विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों की अद्भुत और बहुमुखी प्रतिभा की जमकर सराहना की। जवाहर बाल भवन वर्ष 1987 (स्थापना 3 जुलाई 1987) से ही लगातार 5 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों की रचनात्मकता और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाने का एक सशक्त और विश्वसनीय माध्यम बना हुआ है। इस वर्ष आयोजित %समर कैम्प 2026% के अंतर्गत बच्चों के कौशल विकास के लिए विशेष और अत्याधुनिक कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं, जिससे बच्चों को अपनी कला को नया आयाम देने का मौका मिला।

स्थापना दिवस के उपलक्ष में 3 जुलाई से लगातार संगीत, नृत्य, चित्रकला, नाटक, गृह-विज्ञान, मूर्तिकला, हस्तकला, कम्प्यूटर, खेलकूद और आधुनिक अभिनय कला जैसी 10 से अधिक विभिन्न विधाओं के अंतर्गत साप्ताहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा था। इन प्रतियोगिताओं में शहर के सैकड़ों बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। समारोह में प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभावान बच्चों को मंच पर सम्मानित किया गया।

महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, विभाग की आयुक्त श्रीमती निधि निवेदिता तथा जवाहर बाल भवन भोपाल की संचालक श्रीमती उषा सोलंकी ने संयुक्त रूप से सभी विजेता बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में रविंद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर, श्री अभिजीत सोलंकी भी उपस्थित रहे। मंत्री सुश्री भूरिया ने सभी पुरस्कार विजेताओं और सहभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान के श्री खाटू श्याम जी मंदिर प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

**श्री खाटू श्याम जी मंदिर के पास नया स्टेशन क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करेगा**

जबलपुर। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज राजस्थान के सीकर में श्री खाटू श्याम जी मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में सीकर के पूर्व सांसद श्री सुमेधानंद सरस्वती और राजस्थान सरकार के शहरी विकास एवं आवास विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झबर सिंह खर्रा मौजूद थे। इस दौरान श्री श्याम मंदिर समिति के प्रतिनिधि श्री शक्ति सिंह चौहान, श्री मानवेंद्र सिंह चौहान और श्री मोहन सिंह (दास) चौहान भी उपस्थित थे।

इस बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम जी मंदिर में आने वाले असंख्य श्रद्धालुओं के लिए रेल संपर्क और यात्री सुविधाओं को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने बुनियादी ढांचे में सुधार और तीर्थयात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए रेल मंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर रेल मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को बताया गया कि नए स्टेशन के निर्माण से खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक रेल सेवाएं मिलेंगी। यह स्टेशन सीकर-रिंगास रेल खंड पर पालसाना और बाओरी ठिकरिया स्टेशनों के बीच विकसित किया जाएगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि परियोजना से संबंधित तकनीकी कार्य पहले किए जाएंगे। इसमें मौजूदा रेलवे लाइनों से संबंधित सभी अभियांत्रिकी और सिग्नलिंग कार्य, नई रेलवे लाइन का निर्माण और मौजूदा नेटवर्क के साथ उसका एकीकरण शामिल होगा। इसके बाद स्टेशन भवन का निर्माण शुरू होगा। प्रसिद्ध खाटू श्याम जी मंदिर से लगभग 11 किलोमीटर दूर स्थित प्रस्तावित स्टेशन भवन को राजस्थान की समृद्ध स्थापत्य और सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इसमें आधुनिक बुकिंग कार्यालय, विशाल प्रतीक्षा कक्ष, स्वच्छ शौचालय, यात्री-अनुकूल सुविधाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं होंगी ताकि यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके। इस स्टेशन के विकास से हर साल खाटू श्याम जी दर्शन करने आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए रेल सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ, यह परियोजना क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करेगी,

## माकपा की खाद के लिए प्रदेश व्यापी भूख हड़ताल

गोटेगांव=विगत दिवस मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जगदीश पटेल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि माकपा राज्य सचिव मंडल की बैठक कामरेड बादल सरोज की अध्यक्षता में संपन्न हुई 7 बैठक मे खरीफ की फसल की वोबनी के समय खाद बीज़ के संकट के खिलाफ प्रदेशव्यापी भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है द्य

मॉनसून के लेट होने से किसानों की चिंता बढ़ गयी है द्य सबसे बड़ी चिंता खाद, बीज़ के संकट, कालाबाजारी और नकली खाद बीज़ की होगी द्य सरकार ने इस समस्या से निबटने की कोई योजना नहीं बनाई है इसे लेकर प्रदेश भर मे एक साथ 24 घंटे की भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है द्य जिसमें प्रदेश भर के माकपा कार्यकर्ता किसानों के साथ 16जुलाई 12बजे से 17जुलाई 12बजे तक 24घंटे की भूख हड़ताल कर एक आमसभा उपरांत ज्ञापन सौंपकर समापन करेंगे।नरसिंहपुर जिले में राज्य सचिव मंडल सदस्य एवं जिले के प्रभारी कामरेड बादल सरोज भूख हड़ताल में शामिल रहेंगे।नरसिंहपुर जिले में पर्याप्त खाद बीज की उपलब्धता टोकन प्रणाली समाप्त कर सुगमता से खाद उपलब्ध कराने, मूंग की 100प्रतिशत खरीदी करने, किसानों को बिना कटौती 12घंटे बिजली प्रदाय करने की मांग उठाई जाएगी इस आंदोलन में प्रदेश एवं जिला स्तर के नेतृत्वकारी साथी सक्रिय भूमिका निभाते हुए भूख हड़ताल में शामिल रहेंगे। जिले की शीघ्र बैठक कर भूख हड़ताल का स्थल चयन किया जाएगा।



## आत्म रक्षा शिविर आरंभ

गोटेगांव =नगर के समीपी ग्राम अतरिया के तिघरा गांव की शासकीय शाला में मामा की लाडली भांजियों को दिए जा रहे आत्म रक्षा के गुर। तिघरा अतरिया स्कूल शासकीय माध्यमिक शाला में चल रहा आत्मरक्षा शिविर। यहां पर अध्ययन रत बेटियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण में अपनी रक्षा करना सिखाया जा रहा है। जिससे वह आत्मनिर्भर हो ओर वह अकेले स्कूल जा सके वह अधर्मी और दुराचारियों से मातृ शक्ति दुर्गा बनकर दानवों का नाश कर अपनी और परिवार की सुरक्षा करें। कुछ लड़के दानव बनकर बच्चियों को कमजोर समझकर परेशान करते हैं। इसलिए आत्मरक्षा शिविर हर बच्चियों के लिए आवश्यक है प्रशिक्षण शिविर में पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी श्रीमति दुर्गा आर्य ने प्रशिक्षण दे रहीं आयुषी जैन का सम्मान पतंजलि के ओइम पट्टे से किया एवं रेनु पटेल ने भी सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित जन शिक्षक निर्मला विश्वकर्मा, गायत्री पटेल, प्रभा ठाकुर, योगेश नामदेव, सचिन सोनी एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी राघवेन्द्र आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया और साथ ही यह भी कहा कि आज हमारे देश को बेटियों में आत्म रक्षा के गुण अति आवश्यक हो गया है ताकि बच्चियां साक्षात् नवदुर्गा का रूप रखकर राक्षसों का संहार करें।

## संस्कारधानी के लाडले सपूत और इंडियन आइडल.162 फेम तनिष्क शुक्ला का 9 जुलाई को ऐतिहासिक आगमन भव्य स्वागत रैली



(नगर प्रतिनिधि) जबलपुर संगीत जगत के उभरते सितारे और संस्कारधानी के लाडले सपूत तनिष्क शुक्ला ;ष्तनिष्क फाइटर शुक्लाष्द्ध आगामी 9 जुलाईए गुरुवार को एक दिवसीय प्रवास पर अपने गृह नगर जबलपुर आ रहे हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के प्रतिष्ठित सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल सीजन 16श् में अपनी जादुई आवाज से देशभर के करोड़ों दिलों और दिग्गज संगीतकारों को मंत्रमुग्ध करने के बाद तनिष्क का यह दौरा बेहद ऐतिहासिक होने जा रहा है। देश की मायानगरी में संस्कारधानी का नाम गौरवान्वित करने वाले इस होनहार बेटे के स्वागत के लिए जबलपुर के संगीत प्रेमियोंए प्रशंसकोंए गणमान्य नागरिकों और कला जगत में अभूतपूर्व उत्साह है।

प्रातः 9 बजे से भव्य स्वागत रैली ;रूट चार्टद्ध

तनिष्क शुक्ला के नगर प्रवेश पर प्रातः 9रू00 बजे आदर्श महाकौशल कॉलेजए सिविल लाइंसए में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके उपरांत शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक विशाल स्वागत रैली निकाली जाएगी। यह रैली: डिलाइट सेंट थॉमस चौक पेंटीनाका चौक सदर चौपाटी शिवाजी स्टेडियम नागरथ चौक क्राइस्टचर्च तिराहा तैयब अली चौक नौदरा ब्रिज तीन पत्ती चौक होमसाइंस चौक मदनमहल चौक रानीताल चौक बल्देवबाग चौक दमोहनाका चौक गोहलपुर और रद्दीचौकी होते हुए आगे बढ़ेगी।

स्वनिवास पर प्रशंसकों से भेंट एवं अल्पाहार:

भव्य स्वागत रैली के बाद अपराह्न 2रू00 बजे तनिष्क शुक्ला अपने स्वनिवास रवींद्र नगर गेट नंबर 5ण् जे डी ए कॉलोनीए आधारतालए पहुंचेंगे। यहाँ एकत्रित कला प्रेमियोंए गणमान्य नागरिकों और प्रशंसकों के साथ वे चाय एवं अल्पाहार पर चर्चा करेंगे और सभी का आभार व्यक्त करेंगे।

शहीद स्मारक में गायन और मां नर्मदा पूजन

नगरवासियों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण सायंकाल 7रू00 बजे से 9रू00 बजे तकए शहीद स्मारक प्रांगण में होने वाला तनिष्क शुक्ला का विशेष गायन कार्यक्रम होगाए जहाँ वे जबलपुर की जनता के सामने लाइव प्रस्तुति देंगे। इसके पश्चातए रात्रि 10रू00 बजे वे संस्कारधानी की जीवनदायिनी माँ नर्मदा के तट पर पहुँचकर विधि.विधान से माँ नर्मदा का पूजन और आरती कर आशीर्वाद लेंगे।

10 जुलाई को फिनाले हेतु मुंबई प्रस्थान अपने इस व्यस्त और गरिमामयी प्रवास के बाद दिनांक 10 जुलाई को प्रातः 8रू00 बजे तनिष्क शुक्ला डुमना एयरपोर्ट से इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले की तैयारियों के लिए पुनः मुंबई के लिए प्रस्थान करेंगे।

## बरगी नहरों से खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए जल लेने किसानों से 31 जुलाई पूर्व मांग पत्र आमंत्रित

गोटेगांव=वर्ष 2026 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव व नरसिंहपुर तहसील के लगभग 126 ग्रामों के किसानों से 31 जुलाई 2026 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर 63.420 से 81.300 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमशः हरेरी शाखा नहर एवं करेली वितरण नहर व देवरी वितरण नहर, बगासपुर माइनर, रामनिवारी माइनर, तिघरा माइनर एवं कमांड की माइनरों/ सब माइनरों से लगभग 3 हजार हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग क्र.-2 गोटेगांव ने दी है।

इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री ने संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है कि वे जल उपभोक्ता संथा देवनगर, दबकिया, मनकवारा, खमरिया, कुसीवाड़ा, कमोद, भैंसा, आंखीवाड़ा, देवरी, तिंदनी एवं मुराछ आदि के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर उप संभाग बगासपुर एवं गोटेगांव को 31 जुलाई 2026 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध पत्र प्रस्तुत करें।।

**200 से अधिक वाटर रिचार्ज पिट का कराया जा चुका है निर्माण**

## मध्यप्रदेश शासन की मंशानुरूप जल संरक्षण की दिशा में नगर निगम की बड़ी पहल, पानी बचाओ, पर्यावरण बढ़ाओ अभियान पर विशेष फोकस



जबलपुर।(नगर प्रतिनिधि) मध्यप्रदेश शासन की मंशानुरूप शहर को जल संकट से बचाने और भूजल स्तर को सुधारने के लिए नगर निगम द्वारा एक बेहद सराहनीय और सकारात्मक पहल की जा रही है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के दिशा-निर्देशों पर नगर निगम के जल, भवन और उद्यान विभाग ने आपसी समन्वय के साथ पानी बचाओ, पर्यावरण बढ़ाओ अभियान को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। इस वृहद अभियान के तहत शहर में वर्षाजल संचय के लिए युद्ध स्तर पर वाटर रिचार्ज पिट और सोकपिट का निर्माण किया जा रहा है।

अब तक 200 से अधिक वाटर रिचार्ज पिट तैयार निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि आधुनिक समय में कंक्रीट के बढ़ते जाल के बीच बारिश के पानी को सहेजने के लिए यह अभियान मील का पत्थर साबित हो रहा है। नगर निगम द्वारा अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 200 से अधिक वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। इसका सीधा फायदा आने वाले समय में शहर के गिरते भूजल स्तर को सुधारने और जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करने में मिलेगा। वर्षाजल को सीधे जमीन के भीतर भेजने की यह तकनीक न केवल भविष्य में पानी की किल्लत को दूर करेगी, बल्कि हरियाली और पर्यावरण को भी नया जीवन देगी। इस बड़े अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम के कई विभागों के आला अधिकारी और इंजीनियर्स खुद मौके पर रहकर निर्माण कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। नगर निगम के इस सकारात्मक प्रयास से नागरिकों में भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। निगम प्रशासन के साथ-साथ यदि आम नागरिक भी अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाएं, तो यह अभियान शहर के पर्यावरण को पूरी तरह से संरक्षित रख सकता है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अपने-अपने घरों में भी वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएँ और वर्षाजल का संचय करें। मौके पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, भवन अधिकारी नवीन लोनारे, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, जागेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह कौरव, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से, सहायक यंत्री संदीप जायसवाल, श्रीमती दीप्ति भनारिया, सौरभ त्रिपाठी, सौरभ चैकसे आदि के द्वारा कराया जा रहा है।



हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## छात्र-नौजवानों का भविष्य अंधकारमय

समस्या यह धारणा है कि परीक्षा तंत्र अकुशलता और भ्रष्टाचार के ग्रस्त है। इससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हुआ है। परीक्षा केंद्रों को 'बंकर' में तब्दील करने से यह धारणा दूर नहीं होगी। पेपर लीक के बाद दोबारा हुए नेशनल एलिजिबिलिटी- कम- एंट्रेंस टेस्ट (स्नातक पूर्व) के लिए देश में बने 5,440 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का ऐसा घेरा खड़ा किया गया (अथवा ऐसा करने का प्रचार किया गया), मानों उन केंद्रों को किसी बड़े आतंकवादी हमले से बचाने की चुनौती सामने हो! परीक्षा आयोजन में वायु सेना, केंद्रीय सशस्त्र बलों, डाक विभाग, केंद्र सरकार के वित्तीय सेवा विभाग, और नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर की मदद ली गई। अंत में यह खबर भी आ गई कि नीट परीक्षार्थियों को असुविधा से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे पर 45 मिनट तक इंतजार किया! यह दीगर बात है कि इन बड़ी सुर्खियों से पेपर लीक और परीक्षा संचालन व्यवस्था की पोल को ढका नहीं जा सका है। छात्रों का टीवी रिपोर्टरों से यह कहना अविश्वास के गहराते माहौल को जाहिर कर देता है कि दोबारा परीक्षा में शामिल होने को लेकर वे उतने नर्वस नहीं हुए, जितनी इस आशंका से हैं कि कहीं फिर पेपर लीक ना हो जाए! वैसे दोबारा परीक्षा की दहशत से भी दर्जन भर से अधिक छात्र नर्वस हुए, जिनकी आत्महत्या की खबरें हाल में चर्चित रही हैं। ऐसी घटनाओं ने नौजवानों के एक बड़े वर्ग में आक्रोश भरा है। उसका नज़ारा फिलहाल दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन में देखने को मिल रहा है। गुस्सा इसको लेकर है कि वर्तमान सरकार के तहत जवाबदेही की अवधारणा ही दफना दी गई है। कुछ भी हो जाए, उसके लिए कोई उत्तरदायी नहीं होता! गंभीर से गंभीर समस्या में सरकार के पास दो ही जवाब होते है: 'सिक्युरिटी स्टेट' के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन और धुआंधार प्रचार से अपने पक्ष में नैरेटिव खड़ा करना।

# योगी के घर लंच, केशव के घर चाय और ब्रजेश के घर आम पार्टी के जरिये भाजपा ने दिया बड़ा संदेश

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दो दिवसीय लखनऊ दौरे ने यह साफ कर दिया कि पार्टी ने 2027 के मिशन की औपचारिक शुरुआत कर दी है। संगठनात्मक बैठकों, रणनीतिक विमर्श और सहयोगी दलों के साथ लगातार संवाद के बीच रविवार का दिन राजनीतिक संदेशों से भरा रहा।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में रविवार को केवल दावतें नहीं हुईं, बल्कि भाजपा ने लंच, मैंगो पार्टी और चाय पार्टी के जरिए 2027 की चुनावी एकजुटता का खुला संदेश दिया। देखा जाये तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुछ दृश्य केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होते बल्कि वे सीधे सत्ता और संगठन के भीतर के संदेश बन जाते हैं। वर्ष 2022 के चुनावों से ठीक पहले जिस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के घर पहुंचे थे, उसी राजनीतिक संकेत को भाजपा ने इस बार और ज्यादा व्यापक रूप में दोहराया। फर्क सिर्फ इतना रहा कि इस बार तस्वीर और भी ज्यादा मजबूत दिखाई दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और वरिष्ठ नेताओं का साथ में लंच, फिर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के यहां मैंगो पार्टी और उसके बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के घर चाय पार्टी ने साफ कर दिया कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उत्तर प्रदेश में किसी भी तरह के मतभेद की अटकलों को पूरी तरह खत्म करना चाहता है। योगी, केशव और ब्रजेश की साझा मौजूदगी ने केंद्रीय नेतृत्व को यह भरोसा दिला दिया कि 2027 का चुनाव भाजपा पूरी राजनीतिक एकजुटता, संगठनात्मक तालमेल और साझा रणनीति के साथ लड़ेगी। सत्ता, संगठन और सामाजिक समीकरणों को एक मंच पर लाकर भाजपा ने यह संदेश दे दिया कि चुनावी बिगुल बज चुका है और पार्टी अब पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुकी है।

देखा जाये तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दो दिवसीय लखनऊ दौरे ने यह साफ कर दिया कि पार्टी ने 2027 के मिशन की औपचारिक शुरुआत कर दी है। संगठनात्मक बैठकों, रणनीतिक विमर्श और सहयोगी दलों के साथ लगातार संवाद के बीच रविवार का दिन राजनीतिक संदेशों से भरा रहा।

दिन की शुरुआत भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा से हुई, जहां संगठन की पुरानी ताकत, पुराने अनुभव और आने वाले चुनाव की नई रणनीति पर गंभीर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि भाजपा इस बार चुनाव को केवल सत्ता बचाने की लड़ाई नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक अभियान के रूप में देख रही है। लेकिन असली राजनीतिक संदेश तब सामने आया जब औपचारिक बैठकों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपने अंदाज को पूरी तरह राजनीतिक प्रतीकों में बदल दिया। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पहुंचे, जहां आम पार्टी आयोजित की गई थी। राजनीतिक तपिश के बीच आम की मिठास ने माहौल को हल्का जरूर किया, लेकिन इसके भीतर छिपा संदेश बेहद गंभीर था।

ब्रजेश पाठक ने सभी नेताओं का स्वागत किया और प्रदेश के प्रसिद्ध आम परोसे। माहौल में राजनीतिक तनाव की जगह सहज बातचीत, हंसी और आत्मीयता दिखाई दी। सबसे चर्चित क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथ में आम उठाया, उसे दांतों से छीलते हुए मुस्कुराए और फिर उसका स्वाद लिया। वहां मौजूद नेताओं के बीच ठहाके गूंज उठे। यह दृश्य केवल एक अनौपचारिक क्षण नहीं था, बल्कि भाजपा नेतृत्व की अंदरूनी सहजता और पारस्परिक विश्वास का सार्वजनिक प्रदर्शन भी था।

## जब सुकून भी बिकने लगे

डॉ नीलम महेंद्र

सभ्यताएँ केवल अपने आविष्कारों से महान नहीं बनतीं, अपितु वे अपनी प्राथमिकताओं से इतिहास में याद रखी जाती हैं। हमारी सभ्यता ने अंतरिक्ष तक पहुँचने की क्षमता विकसित कर ली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का निर्माण कर लिया, सूचनाओं को प्रकाश की गति से भी तेज़ गति से दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुँचा दिया,लेकिन इसी सभ्यता का मनुष्य आज रात भर चैन की नींद सोने के लिए संघर्ष कर रहा है। उसके पास सुविधा है, साधन हैं, संसाधन हैं, पर सुकून नहीं है। और शायद हमारे समय की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि अब सुकून भी एक उत्पाद बन चुका है।

अच्छी नींद के लिए स्लीप क्लिनिक हैं, तनाव से मुक्ति के लिए माइंडफुलनेस प्रोग्राम हैं, जंगल में समय बिताने के लिए फॉरेस्ट बाथिंग है, तारों को निहारने के लिए स्टार बाथिंग है और मोबाइल से दूर रहने के लिए डिजिटल डिटॉक्स रिट्रीट। इनमें से किसी उपाय पर आपत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि इनके लाभ वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं। प्रश्न केवल इतना है कि जिन अनुभवों पर कभी किसी का स्वामित्व नहीं था, वे आज पैकेज और प्रीमियम सेवाओं में क्यों बदल गए? क्या हमने जीवन इतना कृत्रिम बना लिया है कि अब अपनी सबसे स्वाभाविक ज़रूरतों तक पहुँचने के लिए भी बाज़ार की मध्यस्थता आवश्यक हो गई है?

दरअसल हाल ही में तीन समाचार लगभग एक साथ चर्चा में रहे। देश के गृह मंत्री ने सार्वजनिक रूप से बताया कि अपनी जीवनशैली में बदलाव कर उन्होंने मधुमेह पर विजय प्राप्त कर ली है। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने इंसुलिन एवं अन्य किसी भी प्रकार की एलोपैथिक दवा से भी मुक्ति पा ली है। इसी प्रकार जर्नल ऑफ एन्वायरमेंटल साइकोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह पाया गया कि रात में आकाश को निहारने का मानसिक स्वास्थ्य और खुशी के बीच सकारात्मक संबंध है। तो अब वेलनेस थेरेपी के अंतर्गत स्टार बाथिंग (रात में खुले आकाश के नीचे लेट कर तारों को निहारना) मानसिक स्वास्थ्य की चिकित्सा का रूप ले चुका है।

## अपने ही भक्तों के अवैध खनन से छलनी होती माँ नर्मदा



मध्य प्रदेश की जीवनदायिनी, जिसके सम्मान में आदर से बरबस शीश झुक जाता है ऐसी पुण्य सलिला माँ नर्मदा आज अपने ही तथाकथित भक्तों के हाथों अवैध उत्खनन से छलनी होती जा रही है। माँ नर्मदा में हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर कई बार राज्य व देश की संसदों में चिंता व्यक्त की गई, लेकिन यह अवैध गतिविधि न तो रुकी, नहीं थमी बल्कि रेत की चाह में कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा और अधिक द्रुत गति से नर्मदा मैया का सीना चीरने का कुत्सित प्रयास जारी रहा । पुराणों के अनुसार, नर्मदा का जन्म हिमालय से भी करोड़ों वर्ष पूर्व मैकल पर्वत पर हुआ। कहा जाता है कि समाधिस्थ देवाधिदेव महादेव के श्रम-कणों से नर्मदा अवतरित हुईं एक भुजा सतपुड़ा और दूसरी विंध्याचल की पहाड़ियों पर फैलाए हुए। यही कारण है कि नर्मदा का इतिहास माँ गंगा से भी लाखों वर्ष प्राचीन माना गया है। भारतीय धर्मशास्त्रों में नर्मदा को 'सनातन तीर्थ' कहा गया है लोक संस्कृति की अमिट स्मृति-रेखा।

आज उसी सनातन नदी के साथ जो हो रहा है, वह न केवल पीड़ादायक है, बल्कि शर्मनाक भी। प्रदेश के सोलह जिलों से बहकर गुजरने वाली माँ नर्मदा का सीना, हर जिले में दोनों ओर से, बेरहमी से छलनी किया जा रहा है। शासन-प्रशासन की निष्क्रियता अपनी जगह, लेकिन 'हर-हर नर्मदे' का उद्घोष करने वाले लाखों-करोड़ों भक्त भी मूक दर्शक बने हुए हैं। यह मौन, मानो मानव-सभ्यता के आत्मघात की शुरुआत का संकेत देता है ।जो लोग नर्मदा को सामान्य नदी मानकर उसके नाम पर अवैध उत्खनन या अन्य गैरकानूनी गतिविधियाँ कर रहे हैं, वे अपने जीवन की सबसे बड़ी भूल कर रहे हैं। जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस अवैध उत्खनन में संलिप्त हैं और जो अपने स्वार्थ के लिए नर्मदा के अस्तित्व व महत्ता को कम करने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि प्रकृति का प्रकोप देर-सवेर सामने आता ही है। यह दंड किसी मिथकीय भय से नहीं, बल्कि पर्यावरणीय विनाश के ठोस परिणामों से जुड़ा होता है।

देवाधिदेव शंकर की पुत्री कही जाने वाली आदि नदी मां नर्मदा, अपने उद्गम अमरकंटक से शांत, पतली रेखा-सी बहती अवश्य दिखती हैं, पर उनके भीतर अपार प्रवाह और शक्ति समाहित है। संगमरमर की चट्टानों को चीरती हुई जब वे प्रबल वेग से प्रवाहित होती हैं, तब उनके रौद्र स्वरूप में शिव के साक्षात दर्शन होते हैं। यही कारण है कि नर्मदा के पाषाण से बने शिवलिंग आज भी शिवालयों में पूजित हैं । दुर्भाग्यवश, आज खनन माफियाओं द्वारा धनबल और बाहुबल के सहारे शासन-प्रशासन पर प्रभाव डालकर बेखौफ अवैध उत्खनन किया जा रहा है। यह न केवल हमारी धार्मिक आस्था पर चोट है, बल्कि पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुँचाने के साथ-साथ सरकार को भी भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है। कुछ मुट्ठीभर स्वार्थी तत्वों द्वारा अवैध उत्खनन और अन्य गतिविधियों के माध्यम से माँ नर्मदा को निरंतर क्षत-विक्षत किया जा रहा है और यह सब खुलेआम। अतः प्रदेश सरकार से, पर्यावरण प्रेमियों से और माँ नर्मदा के सच्चे भक्तों से एक ही विनम्र, किंतु दृढ़ निवेदन है यदि माँ नर्मदा को उसके मूल स्वरूप में जीवित और सुरक्षित रखना है, तो सबको एकजुट होकर आगे आना होगा। केवल आस्था का प्रदर्शन नहीं, बल्कि कानून का कड़ाई से पालन, सख्त निगरानी और जन-जागरूकता ही इस जीवनदायिनी नदी को बचा सकती है ।

अरविंद रावल
गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)

## शनि की वक्री चाल 27 जुलाई से शुरू, आर्थिक और व्यक्तिगत जीवन पर पड़ सकता प्रभाव

27 जुलाई से शनि देव मीन राशि के रेवती नक्षत्र में वक्री होने जा रहे हैं. ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार यह वक्री अवस्था 11 दिसंबर तक रहेगी. ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि शनि की यह उल्टी चाल व्यक्तिगत जीवन से लेकर सामाजिक, प्रशासनिक और आर्थिक क्षेत्रों तक व्यापक प्रभाव डाल सकती है. इस दौरान लंबे समय से रुके हुए कार्यों में गति आने के साथ ही कई ऐसे मामलों से भी पर्दा उठ सकता है, जो अब तक गोपनीय बने हुए थे. ज्योतिष विशेषज्ञ पंडित चंद्रशेखर नेमा हिमांशु के अनुसार शनि के वक्री होने का प्रभाव केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश-दुनिया की परिस्थितियों पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है. उनका कहना है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह से लेकर वर्ष के अंत तक कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से जुड़े नए तथ्य सामने आने की संभावना बन सकती है. प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर भी कुछ अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिससे कई निर्णयों और नीतियों पर पुनर्विचार की स्थिति बन सकती है. ज्योतिषीय दृष्टि से यह समय उन लोगों के लिए विशेष माना जा रहा है, जिनके कार्य लंबे समय से किसी कारणवश अटके हुए हैं. ऐसे मामलों में नई हलचल देखने को मिल सकती है. वहीं, पर्दे के पीछे चल रही गतिविधियां, लंबित विवाद और पुराने मामलों से जुड़े तथ्य भी सामने आने के संकेत माने जा रहे हैं.

## विलोम व्यंग्य: दी ओल्ड झालमुडी डेज

विवेक रंजन श्रीवास्तव

लंदन-इन दिनों बंगाल में एक अजीब नया संकट है। लोगों के पास कोसने के लिए पुराने मुद्दे नहीं हैं। पहले आदमी सुबह उठता था, चाय पीता था और कट मनी को कोसता था। जीवन में एक उद्देश्य था। एक स्थिरता थी। अब कई लोगों को समझ नहीं आ रहा कि नाश्ते के साथ किसे गाली दें। पुराने दिन याद आते हैं। क्या शानदार व्यवस्था थी।

सरकार कोलकाता से बजट भेजती थी, और वह रुपया इतना मिलनसार था कि रास्ते में सबसे मिलता जुलता चलता था। किसी को निराश नहीं करता था। वह लोकतांत्रिक रुपया था। वह पहले स्थानीय नेतृत्व का हालचाल पूछता था, फिर कार्यकर्ताओं का, फिर व्यवस्था के पुजारियों का। अंत में यदि कुछ बच जाता था तो लाभार्थी के घर भी कभी कभार दस्तक दे देता था।

नई सरकार के रुपये में वह तहजीब नहीं रही।

सीधे डी बी टी खाते में घुस जाता है। न मोहल्ले के पार्टी प्रतिनिधियों से राम राम, न नमस्कार।

पुराने दिनों में जमीनी विकास पार्टी प्रतिनिधियों के कब्जे में था। यही उसकी सबसे बड़ी विशेषता थी। असली विकास वह होता है जो हर जगह मौजूद हो लेकिन कहीं पकड़ा न जाए। सड़क का पैसा सड़क में न दिखे, पुल का पैसा पुल में न दिखे, योजना का पैसा योजना में न दिखे। वह विकास का आध्यात्मिक रूप था। उसे देखने के लिए मूल रूप से तृण साधना चाहिए होती थी। अब लोग सड़क देखकर पूछते दिख रहे हैं, यह कैसे बनी।

समय बदल गया है।

मुझे एक सज्जन मिले। बोले, व्यवस्था सुधर गई है।

मैंने कहा, दुखद समाचार है। बोले, क्यों। मैंने कहा, इसलिए कि पंद्रह साल का अनुभव नष्ट हो गया। हम लोगों ने एक प्रमाण पत्र बनवाने में जितना जीवन दर्शन सीखा था, उतना आजकल की पीढ़ी विश्वविद्यालय से नहीं सीख पायेगी। एक खिड़की से दूसरी खिड़की तक भटकते हुए आदमी समझ जाता था कि संसार माया है, फाइल सत्य है और बाबू ब्रह्म है।

अब आवेदन करो और उत्तर आ जाता है।

आध्यात्मिकता का यह पतन चिंताजनक है।

पुराने समय में कट मनी केवल आर्थिक गतिविधि नहीं थी। वह लोक संस्कृति थी। वह लोक व्यवहार की तरह थी। एक आदमी पैसा देता था, दूसरा आगे बढ़ाता था, तीसरा संभालता था, चौथा वितरित करता था। पूरा तंत्र एक समूहगान की तरह काम करता था। कोई अकेला नहीं खाता था। आजकल लोग भ्रष्टाचार को भी निजी बना देना चाहते हैं। सामूहिकता का यह ह्रास दुखद है।

तब जनता भी बड़ी समझदार थी।

उसे मालूम था कि उसका काम होने वाला नहीं है, फिर भी वह आवेदन देती थी। उसे मालूम था कि शिकायत का परिणाम शिकायत ही रहेगा, फिर भी शिकायत करती थी। लोकतंत्र में विश्वास ऐसा ही होता है।

## 10 जुलाई को रखा जाएगा योगिनी एकादशी का व्रत, मंदिरों में सजेगा ठाकुरजी का दिव्य श्रृंगार; यह है शुभ मुहूर्त

आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की पवित्र योगिनी एकादशी का व्रत इस वर्ष 10 जुलाई को रखा जाएगा। भगवान विष्णु को समर्पित इस एकादशी का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को श्रद्धा, संयम और विधि-विधान से करने पर व्यक्ति को पापों से मुक्ति, उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और अंततः मोक्ष की प्राप्ति होती है।

पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि 10 जुलाई को सुबह 8ः16 बजे प्रारंभ होगी और 11 जुलाई को सुबह 5 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर गृहस्थजन 10 जुलाई को ही योगिनी एकादशी का व्रत रखेंगे। व्रती अगले दिन द्वादशी तिथि में विधिपूर्वक पारण करेंगे। एकादशी पर नगर के प्रमुख सनातन धर्म मंदिर में भगवान चक्रधर व गिर्राजधरण, जनकगंज स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, थाटीपुर स्थित द्वारिकाधीश मंदिर, पुराने जिला कोर्ट भवन के पास स्थित गिर्राज मंदिर, सदर बाजार स्थित गिर्राज मंदिर तथा किलागेट स्थित जानकी वल्लभ मंदिर में ठाकुरजी का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को तुलसी दल के साथ फरारी भोग अर्पित किया जाएगा।

व्रत से ज्ञात-अज्ञात पापों से मिलती है मुक्ति

धर्मग्रंथों में योगिनी एकादशी को अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति के ज्ञात-अज्ञात पाप, दोष और बुरे कर्म नष्ट हो जाते हैं।

## नारी शक्तिः वादों से लेकर कर दिखाने तकः ब्रिक्स में भारत का योगदान

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

भारत ने 1 जनवरी 2026 को लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण की थीम के तहत ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। महिलाओं से जुड़े मामलों में हमारा योगदान बेहद खास रहा है। हम सिर्फ़ कोई नारा या तारीफ़ के लिए सफल कहानियों का संग्रह पेश नहीं कर रहे हैं। हम एक ऐसा कामकाजी ढांचा लेकर आए हैं, जो करोड़ों महिलाओं तक पहुँचा है। यह ढांचा सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां से शुरू होकर जहाँ भी जाता है, वहाँ आगे और विकसित होने के लिए तैयार रहता है।

यही भारत की खास बात है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से ज़्यादा समय से भारत ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को एक राष्ट्रीय मिशन के तौर पर अपनाया है और इस काम को इतने बड़े पैमाने पर किया है, जिसकी बराबरी बेहद कम देश कर सकते हैं। 2023 में अपनी त्र20 अध्यक्षता के दौरान, भारत ने वैश्विक सोच को महिलाओं के विकास से बदलकर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर मोड़ने में मदद की। यह महज़ शब्दों का बदलाव नहीं था, बल्कि सोच का भी बदलाव था। महिलाओं को सिर्फ़ लाभार्थी के तौर पर देखने के बजाय, उन्हें नेतृत्वकारी भूमिका में देखना। कोच्चि में हम इसी बदलाव से जुड़ा सवाल उठा रहे हैं: एक बार वादा करने के बाद, उसे बड़े पैमाने पर, आख़िरी गाँव की आख़िरी महिला तक कैसे पहुँचाया जाए? भारत ने पिछले दस सालों में सिर्फ़ सैद्धांतिक तौर पर नहीं, बल्कि असल में इस सवाल का जवाब दिया है।

भारत के लिए यह सोच नई नहीं, बल्कि बहुत पुरानी है। विकास की भाषा के आने से काफी पहले ही, हमारी संस्कृति ने नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का स्रोत माना था। ये तीनों ही वे आधार हैं, जिन पर कोई भी समाज तरक्की करता है और उन्हें देवी दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में पूजा जाता रहा है। दैवीय शक्ति को ही शक्ति कहा जाता है और संस्कृत के एक प्रसिद्ध श्लोक के अनुसार, जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है, वहाँ देवता भी प्रसन्न होते हैं। यह सम्मान सिर्फ़ दिखावे के लिए नहीं था: लोपामुद्रा और घोषा जैसी महिला ऋषियों ने ऋग्वेद के मंत्रों की रचना की और गार्गी और मैत्रेयी जैसी दार्शनिकों ने उपनिषदों के प्रसिद्ध वाद विवादों में अपनी बात मज़बूती से रखी। इसलिए, भारत के लिए महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, किसी और से लिया हुआ विचार नहीं है, बल्कि एक प्राचीन विचार का ही आधुनिक रूप है।

शुरुआत फ़ैसला लेने की प्रक्रिया से करते हैं। भारत की पंचायती राज संस्थाओं में चुने गए प्रतिनिधियों में से लगभग आधी महिलाएँ हैं, जो दुनिया में चुनी हुई महिला नेताओं के सबसे बड़े समूहों में से एक है। इसके अलावा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है। महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का अंत सिर्फ़ प्रतिनिधित्व तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यहां से इसकी शुरुआत होती है। ऐसा मॉडल, जो महिलाओं को सेवाएँ तो देता है, लेकिन उन सेवाओं को तय करने वाले फ़ैसलों में उन्हें शामिल नहीं करता, वह असल में महिलाओं के नेतृत्व वाला मॉडल नहीं है।

भारत में सेवा पहुँचाने का ढाँचा तीन हिस्सों पर टिका है, जो एक साथ मिलकर ही काम करते हैं। पहला हिस्सा है पहुँच: डिजिटल जन अवसंरचना, फ़ायदों को सीधे महिलाओं के हाथों तक पहुँचाती है। आधार से जुड़े ट्रांसफ़र उन बिचौलियों की भूमिका को खत्म कर रहे हैं, जो पहले मदद पहुँचने से पहले ही उसे दूसरी तरफ़ मोड़ देते थे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना इस पहुँच का व्यावहारिक उदाहरण है। 4.26 करोड़ से ज़्यादा माताओं को मातृत्व लाभ के तौर पर 20,060 करोड़ रुपये से ज़्यादा की राशि सीधे उनके आधार से जुड़े खातों के ज़रिए मिली है। दूसरा हिस्सा है संस्थाएँ: डीएवाई-एनआरएलएम के तहत, 10.05 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण महिलाओं को 90.90 लाख से ज़्यादा स्वयं-सहायता समूहों में संगठित किया गया है, जो दुनिया में महिलाओं के नेतृत्व वाली सामुदायिक संस्थाओं का सबसे बड़ा नेटवर्क है। तीसरा हिस्सा है गतिशीलता—यानी मूल्य श्रृंखला में हमेशा सबसे नीचे बने रहने के बजाय ऊपर की ओर बढ़ने का एक सोच-समझकर चुना गया रास्ता। भारत अब 65,949 एसएचजी महिलाओं को बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट एजेंट यानी बीसी सखी के तौर पर तैनात कर रहा है, जो दूर-दराज़ के इलाकों में जमा, क्रेडिट, धनराशि भेजने और पेंशन सेवाएँ पहुँचाती हैं। जो महिला कभी किसी लाभ के लिए कतार में लगती थी, अब वही महिला उस लाभ को दूसरों तक पहुँचाती है। कुल मिलाकर ये सब मिलकर भागीदारी को आमदनी और मालिकाना हक में बदलते हैं। लखपति दीदी पहल के तहत, जून 2025 तक 1.48 करोड़ स्वयं सहायता समूह महिलाओं की सालाना कमाई कम से कम 1 लाख रुपए तक पहुँच गई थी और जनवरी 2026 में शुरू किए गए उद्यमिता पर केंद्रित एक राष्ट्रीय अभियान का मकसद 50,000 सामुदायिक संसाधन व्यक्ति के ज़रिए 50 लाख अतिरिक्त महिलाओं को प्रशिक्षण देना है। तरक्की का यही रास्ता औपचारिक कारोबार में भी दिखता है: पीएमएमवाई के तहत दिए गए ऋ्रष्टा में से 69 प्रतिशत और स्टैंड-अप इंडिया के लाभार्थियों में से 84 प्रतिशत महिलाएँ हैं। डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2.12 लाख स्टार्टअप्स में से 1.02 लाख से ज़्यादा स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक या हिस्सेदार है और इनमें से कई स्टार्टअप बड़े शहरों के बजाय छोटे शहरों में हैं। हम ब्रिक्स को ये ब्रांड नाम नहीं, बल्कि उनके पीछे की कहानी पेश करते हैं: पहले पहुँच, फिर संस्थाएँ और फिर लाभार्थी से उद्यमी बनने का एक व्यवस्थित मार्ग।

आँकड़े भी इस बदलाव को दिखाते हैं। भारत में महिलाओं की कामकाजी आबादी में भागीदारी 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई है और इसी दौरान महिलाओं में बेरोज़गारी दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है। अब पहले से कहीं ज़्यादा महिलाएँ कार्यबल का हिस्सा हैं, इसलिए हमारा फोकस अब अगले चरण पर है, उनके काम की गुणवत्ता और आमदनी को और बेहतर बनाना। इस साल महिलाओं से जुड़े कामों के लिए चार प्राथमिकता वाले क्षेत्र तय किए गए हैं और इनमें से एक सीधे हमारे अनुभव से जुड़ा है: जलवायु कार्यवाही, खाद्य सुरक्षा और पोषण में महिलाओं की भूमिका। इस बारे में साक्ष्य भी साफ नतीजे बयां करते हैं: जब फैसले लेने की प्रक्रिया में महिलाएं शामिल होती हैं, तो पोषण बेहतर मिलता है और समुदाय चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर पाते हैं। यह कोई काल्पनिक बात नहीं है। झारखंड में महिला किसानों को ऐसी बीजों की किस्मों की जानकारी है,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसले ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज किसी भी योजना को बहुत सोच-विचार करके कार्यान्वित करने से लक्ष्य हासिल होगा

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना आपके लिए बहुत जरूरी रहेगा जिससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। पारिवारिक मतभेद आज समाप्त हो जाएंगे , घर का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। आज किसी दूसरे के मामले में बिना मांगे सलाह न दें। आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें।

कर्क राशि: आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप ऑफीसियल कार्यों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे और बेवजह की गतिविधियों में रुचि नहीं लेंगे। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आज फिल्मी जगत से जुड़े लोगों को किसी नई फिल्म में काम करने का ऑफर आ सकता है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। काफी दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिससे मन प्रसन्न होगा। भावनात्मक रूप से आज आप खुद को बहुत मजबूत महसूस करेंगे। जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए थे,

कन्या राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आज दूर हो जाएगी। आज आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरुरत है

तुला राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कार्यस्थल पर अधिक मेहनत करनी होगी, अपनी कार्य क्षमता में कमी न आने दें। आज रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आज धार्मिक कार्यों में कुछ पैसे खर्च कर सकते है साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिलेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। धनु लग्न या धनु राशि में जन्म लेने वाले लोगों आज अपने महत्वपूर्ण कार्यों की योजना बना लें, क्योंकि दोपहर बाद परिस्थितियां आपके पक्ष में बहुत अनुकूल रहेंगी। आपके काम स्वतः ही बनने शुरू हो जाएंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं साथ में साइड बिजनेस शुरू करने की योजना बनाएंगे। आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी, जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रुचि है,

कुंभ राशि: आज आपका दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा अगर आज आप इंटरव्यू देने जा रहे है तो आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। आज सोचे हुए काम समय पर बनते नजर आएंगे।

मीन राशि: आज के दिन आपको कुछ नए अनुभव होंगे। आज आपको किसी दूसरे के मामले में दखल देने से बचें। आज जमीन-जायदाद से जुड़े बिजनेस में बढ़िया लाभ होने की संभावना है



केरल में अनाक्कम्पोयिल-कल्लाडी टनल रोड प्रोजेक्ट के वायनाड वाले हिस्से में हुए ज़बरदस्त भूस्खलन में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर चार हो गई। वहीं, कई एजेंसियों की मदद से बड़े पैमाने पर बचाव अभियान जारी है ताकि उन चार लोगों का पता लगाया जा सके जो अभी भी टन भर मिट्टी और मलबे के नीचे दबे हुए हैं। दस घायल लोगों का इलाज दो अस्पतालों में चल रहा है, जबकि बचाव दल मलबे में फंसे लोगों तक पहुँचने के लिए तेज़ी से काम कर रहे हैं।



# राष्ट्रवाद के विचारों को मिलेगा नया आयामः अमित शाह

कोलकाता (आरएनएस)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कोलकाता के न्यू टाउन स्थित इको पार्क परिसर में उनकी 125 फीट ऊंची प्रस्तावित प्रतिमा का शिलान्यास किया। भूमि पूजन के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जयंती समारोह को लेकर पूरे कार्यक्रम को विशेष रूप से तैयार किया गया। प्रतिमा निर्माण को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद अमित शाह विश्व बांग्ला मेला मैदान में आयोजित स्मृति समारोह में भी शामिल होंगे। यहां राज्यभर से आए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करने का कार्यक्रम तय है। इस आयोजन को भाजपा के शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है। कोलकाता दौरे के दौरान अमित शाह के प्रदेश भाजपा नेतृत्व के साथ संगठनात्मक स्थिति, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा करने की संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा है कि बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने सहित कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।

**सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे, पीएम मोदी के फैसले से आंदोलन को मिला नया जीवनः अमित शाह**

नई दिल्ली,(आरएनएस) । सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे होने के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस खास मौके पर केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों को रेखांकित किया और बताया कि कैसे इसकी शुरुआत हुई? केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय को केंद्र सरकार में प्रस्तावित करने का काम किया था। सभी सहकारिता सदस्यों की ओर से प्रधानमंत्री का धन्यवाद करना चाहूंगा। प्रधानमंत्री के इस फैसले ने सहकारिता आंदोलन को नए चरण में ले जाने का काम किया है। 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे को जाना गया। लेकिन, प्रधानमंत्री ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता क्षेत्र को नया प्राण देने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के मुताबिक, आज की तारीख में सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में हमारे लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम आपको अपने मंत्रालय की उपलब्धियों से अवगत कराएं। साथ ही, अपनी भावी रोडमैप के बारे में भी बताए। जब केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया जा रहा था, तब कई लोग इसका विरोध कर रहे थे। विरोधियों का कहना था कि सहकारिता मंत्रालय राज्य का विषय है, लिहाजा केंद्र सरकार को इसमें दखल नहीं देना चाहिए, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि आज जब हमारा मंत्रालय पांच साल पूरा कर चुका है तो आज तक किसी भी विरोधी दल ने कोई विरोध नहीं किया। इन पांच साल में सहकारिता मंत्रालय ने यह साबित कर दिया है कि हम राज्य सरकार के काम में दखल देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी मदद के लिए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने इन पांच साल में समस्याओं को पहचान कर उसके निदान की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे कामों से प्रदेश के विकास को नई गति मिले। जब कभी सहकारिता आंदोलन का इतिहास लिखा जाएगा, तो उसे स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। आज हमने कई परियोनजाएं शुरू की हैं, जो पहले पाइपलाइन में थीं। एनडीए की परंपरा रही है कि जब कभी हमें शासन मिला, तो हमने इस देश के दबे कुचले लोगों को बल देने का काम किया। जब अटल जी प्रधानमंत्री बनें, तो उन्होंने जनजातीय मंत्रालय की शुरुआत की। इसी तरह जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनें तो उन्होंने जलशक्ति मंत्रालय की शुरुआत की। इसी तरह मत्स्य मंत्रालय और पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की शुरुआत की। 2021 में सहकारिता मंत्रालय



जकार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया की राजकीय यात्रा के दौरान सोएकरनो-हट्टा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो ने उनका स्वागत किया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, राजस्थान में एमएसएमई, रेगुलेटरी चुनौतियों और रोज़गार से जुड़े मुद्दों पर छोटी बस और ट्रक बॉडी बनाने वालों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए.

# योगी कैबिनेट का फैसला, जलालाबाद का नाम बदलकर होगा परशुरामपुरी

लखनऊ ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किए जाने के प्रस्ताव समेत 28 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में कुल 29 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनमें से एक मदरसा शिक्षा से जुड़ा प्रस्ताव फिलहाल स्थगित कर दिया गया। कैबिनेट ने स्टार्टअप नीति-2026, उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन, होमगार्डों के लिए पांच लाख रुपए तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा, मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना और तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना जैसे कई अहम प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई। कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किया गया है। यह स्थान भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में मान्यता रखता है। केंद्र सरकार से अनापत्ति (एनओसी) मिलने के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी दे दी।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 और उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन के गठन को भी मंजूरी दी। सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत गठित होने वाले इस मिशन की संचालन समिति की अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे। सरकार ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एक हजार करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड, प्रोटोटाइप और सीड कैपिटल सहायता तथा इनक्यूबेटरों को वार्षिक अनुदान का भी प्रावधान किया है। साथ ही समाप्त हो चुकी डेटा सेंटर नीति को दोबारा लागू करने का फैसला लिया गया। कैबिनेट ने प्रदेश के करीब 1.60 लाख होमगार्डों और उनके आश्रितों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इसके अलावा मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना लागू करने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत पशुओं का बीमा कराया जाएगा। योजना में प्रीमियम का 85 प्रतिशत हिस्सा सरकार और 15 प्रतिशत पशुपालक वहन करेंगे। प्राकृतिक आपदा, बीमारी और दुर्घटना से पशु की मृत्यु होने पर बीमा का लाभ मिलेगा। श्रम विभाग के प्रस्ताव के तहत वाराणसी में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए निःशुल्क भूमि आवंटित की जाएगी। वहीं गोरखपुर और मुरादाबाद में 100-100 बेड के ईएसआईसी अस्पताल स्थापित करने के लिए भी भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। मेडिकल कॉलेज की आधी सीटें श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित रहेंगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सीधी भर्ती से जुड़े नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी। संशोधित व्यवस्था के तहत पात्र खिलाड़ियों को समूह %ख% और %ग% के विभिन्न पदों पर सीधे नियुक्ति दी जा सकेगी। इसके अलावा कैबिनेट ने बिल्हौर में महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय और फतेहपुर में ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी।

## भारत के लिए राहत की खबर, होर्मुज स्ट्रेट से निकले उर्वरक से लदे 15 जहाज

दिल्ली,(आरएनएस)। पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी भू-राजनीतिक तनाव में कमी आने का सीधा और सकारात्मक असर अब भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। वैश्विक संकट के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से उर्वरक और आवश्यक कच्चा माल लेकर निकले 15 मालवाहक जहाज सुरक्षित रूप से आगे बढ़ चुके हैं। इस बेहद महत्वपूर्ण और राहत भरी प्रगति की आधिकारिक जानकारी केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने साझा की है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के संवेदनशील समुद्री मार्ग को पार कर भारत की ओर आ रहे इन 15 जहाजों में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर का स्टॉक मौजूद है। इनमें से आठ जहाजों के जरिए 3.32 लाख मीट्रिक टन यूरिया, चार जहाजों से 2.57 स्र्ख्न डीएपी (ष्ठक्क) और तीन जहाजों के माध्यम से 1.11 स्र्ख्न सल्फर भारत लाया जा रहा है। राहत का यह सिलसिला यहीं नहीं थम रहा, बल्कि आने वाले दिनों में 5 और अतिरिक्त जहाजों के भी जल्द ही भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर पैदा हुए इस आर्थिक और सामरिक संकट पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पश्चिम एशिया में भड़के सैन्य संघर्ष ने पूरी दुनिया की सप्लाई चेन (आपूर्ति व्यवस्था) को छिन्न-भिन्न कर दिया था।




जम्मू में रा%य पदाधिकारियों की बैठक के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, जम्मू-कश्मीर बीजेपी अध्यक्ष और रा%यसभा सांसद सत शर्मा, केंद्रीय रा%य मंत्री जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा, जम्मू-कश्मीर बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष रविंदर रैना और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ।

## नितिन नवीन का दो दिवसीय जम्मू दौरा शुरू, युवा संवाद के साथ वैष्णो देवी के दरबार में टेकेंगे माथा

जम्मू,(आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार से जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंच रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालने के बाद यह उनका पहला राज्य दौरा है। इस यात्रा के पहले दिन वे जम्मू के मिश्रीवाला इलाके में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक भव्य सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अगले दिन यानी सात जुलाई को वे डोगरा चौक पर पंडित प्रेमनाथ डोगरा को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इस दो दिवसीय प्रवास के दौरान वे स्थानीय युवाओं से सीधा संवाद करने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक गतिविधियों का हिस्सा भी बनेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन की भव्य तैयारियां इस महत्वपूर्ण दौरे की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने मिश्रीवाला स्थित कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। इस दौरान पार्टी के विभिन्न विंगों और प्रबंध समितियों के साथ लगातार समीक्षा बैठकें की गईं ताकि कार्यक्रम में आने वाले हजारों कार्यकर्ताओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

## तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिले थलसेना प्रमुख

दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने भारत की राष्ट्रपति एवं तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की है। जनरल धीरज सेठ अपनी पत्नी कोमल सेठ के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात करने पहुंचे थे। यह मुलाकात भारतीय सैन्य नेतृत्व और राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद के बीच परंपरागत संवाद एवं विश्वास का महत्वपूर्ण प्रतीक मानी जाती है। गौरतलब है कि यह भेंट ऐसे समय हुई है जब जनरल धीरज सेठ ने हाल ही में भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। सेना की कमान संभालने के बाद राष्ट्रपति से उनकी यह उनकी पहली मुलाकात है। यह मुलाकात इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि राष्ट्रपति भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। राष्ट्रपति व सेना के शीर्ष नेतृत्व के साथ समय-समय पर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सैन्य तैयारियों से जुड़े विषयों पर संवाद की परंपरा रही है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस भेंट के दौरान जनरल धीरज सेठ और कोमल सेठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उनका अभिवादन किया। यह मुलाकात भारतीय सेना और राष्ट्रपति भवन के बीच संस्थागत संबंधों तथा सैन्य परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रतीक भी है। सेना प्रमुख, जनरल धीरज सेठ बख्तरबंद कोर के एक अनुभवी अधिकारी हैं और उन्होंने अपने लंबे सैन्य करियर में अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

## किश्तवाड़ में भारी बारिश से भूस्खलन, क्वार पावर प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड से मलबे में दबी कई गाड़ियां

किश्तवाड़ ,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच 540 मेगावाट के क्वार पावर प्रोजेक्ट के नजदीक बड़ा भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हुआ। पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा गिरने के कारण वहां खड़ी कई गाड़ियां उसकी चपेट में आ गईं और मलबे के नीचे दब गईं। भूस्खलन के चलते कई वाहनों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद प्रशासन और संबंधित एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। मलबा हटाने के लिए मशीनें लगाई गई हैं और दबे हुए वाहनों को सुरक्षित निकालने का प्रयास जारी है।

प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर प्रशासन ने किश्तवाड़ और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और तीर्थयात्रियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा के पुरी ज़िले में पुरी रेलवे स्टेशन से पुरी-कोरापुट एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।



पश्चिम बंगाल कैबिनेट मंत्री और बीजेपी नेता अग्निमित्रा पॉल ने कोलकाता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत किया। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कोलकाता आए थे।


# मुंबई में भारी बारिश से तबाही, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट, कई ट्रेनें रद्द

मुंबई,(आरएनएस)। मुंबई में भारी बारिश की वजह से स्थिति गंभीर हो गई है। लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। नवी मुंबई नगर निगम की ओर से इमरजेंसी नंबर जारी किया गया है।

पुणे-मुंबई कनेक्टिंग लिंक रोड पर पुणे से मुंबई जाने वाली लेन में टनल 2 के एग्जिट के पास जबरदस्त बारिश के बीच भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हुआ है। सुरक्षा कारणों से, सोमवार सुबह 4 बजे से ही ट्रैफिक को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट कर दिया गया है। एनएचएआई ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। यात्रियों को सलाह दी गई कि अगर हो सके तो यात्रा करने से बचें। हालांकि पुणे एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा खोल दिया गया है।

नवी मुंबई नगर निगम की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा गया, तेज हवाओं के साथ हो रही भारी बारिश को देखते हुए, नागरिकों से अपील की जाती है कि वे बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। मौजूदा इमरजेंसी हालात को देखते हुए नागरिकों से अनुरोध है कि वे आपदा प्रबंधन के हेल्पलाइन नंबरों को अपने पास रखें।

नवी मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन सेंट्रल डिजास्टर मैनेजमेंट सेल की ओर से लैंडलाइन 022 27567060, 27567061 और टोल फ्री हेल्पलाइन 1800222309, 1800222310 जारी किए गए हैं। नगर निगम ने कहा, किसी भी इमरजेंसी, बाढ़, पेड़ गिरने, भूस्खलन, सड़क जाम होने या आपदा से जुड़ी अन्य घटनाओं की स्थिति में नागरिकों से अनुरोध है कि वे तुरंत ऊपर दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें और एनएमएमसी प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सलाह का पालन करें। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, मुंबई और पुणे में हो रही भारी बारिश के कारण, पुणे-मुंबई 'मिसिंग लिंक' पर पुणे से मुंबई जाने वाले रास्ते पर भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हुआ है। इसके चलते, सोमवार सुबह 4 बजे से पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक का रास्ता बदल दिया गया है। डिप्टी सीएम ने आगे लिखा, एमएसआरडीसी और हाईवे पुलिस सड़क से मलबा हटाने और रास्ते को जल्द से जल्द फिर से खोलने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण इन कोशिशों में कुछ मुश्किलें आ रही हैं।



एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दिया है। दीपिका मशहूर होटल चेन हिल्टन के एक नए विज्ञापन में नजर आई हैं। इस वीडियो में वह नीले रंग के बेहद खूबसूरत पैंटसूट में एक लग्जरी होटल के अंदर शानदार डांस करती दिख रही हैं। फैंस के लिए यह विज्ञापन इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि दीपिका इस समय प्रेग्नेंट हैं और वह जल्द ही अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं।

# इंटीमेट सीन सिर्फ काम का हिस्सा, निजी जिंदगी से नहीं जोड़ना चाहिए: सिंपल कौल

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री सिंपल कौल अपने दमदार अभिनय के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी पहचानी जाती हैं। शरारत, तारक मेहता का उल्टा चश्मा और कई लोकप्रिय टीवी शोज में अपनी अलग पहचान बना चुकीं सिंपल इस बार इंटीमेट सीन्स और रिश्तों को लेकर दिए गए अपने बयान की वजह से चर्चा में हैं। उन्होंने कहा कि किसी अभिनेता का स्क्रिप्ट की मांग पर किसिंग या इंटीमेट सीन करना सिर्फ उसके पेशे का हिस्सा है। इसे निजी जिंदगी या रिश्तों से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। सिंपल कौल ने कहा, अभिनय एक पेशा है और इस पेशे में कलाकारों को कहानी की जरूरत के अनुसार अलग-अलग तरह के किरदार निभाने पड़ते हैं। अगर किसी स्क्रिप्ट में किसिंग सीन या कोई अन्य इंटीमेट सीन जरूरी है, तो अभिनेता उसी के अनुसार अपना काम करते हैं। ऐसे सीन को निजी जिंदगी से जोड़ना सही नहीं है, क्योंकि कलाकार उस समय केवल अपने किरदार को निभा रहे होते हैं। दर्शकों को यह समझना चाहिए कि कैमरे के सामने जो दिखाई देता है, वह कहानी का हिस्सा होता है, न कि कलाकार की निजी जिंदगी। सिंपल कौल ने अपने निजी जीवन का उदाहरण देते हुए भी इस मुद्दे पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, अगर मेरे पति को



किसी फिल्म या शो में ऐसे कोई सीन करना पड़े, तो मुझे इससे कोई परेशानी नहीं होगी। एक रिश्ते में सबसे जरूरी चीज भरोसा होता है। अगर दोनों लोगों के बीच विश्वास मजबूत है, तो ऐसे सीन्स से रिश्ते पर कोई असर नहीं पड़ता।

हालांकि, उन्होंने आगे कहा, पेशेवर काम और निजी रिश्तों के बीच बहुत बड़ा अंतर होता है। अगर कोई व्यक्ति अपने रिश्ते के बाहर किसी और के साथ संबंध बनाता है, तो वह पूरी तरह गलत है। काम के लिए कैमरे के सामने किया गया अभिनय और असल जिंदगी में किसी के साथ रिश्ता बनाना एक जैसा नहीं है। दोनों बातों की तुलना करना सही नहीं है।

सिंपल कौल ने कहा, चीटिंग का कोई दूसरा अर्थ नहीं होता। धोखा आखिर धोखा ही होता है। अगर दो लोग एक-दूसरे से सच्चा प्यार करते हैं, तो उन्हें अपने रिश्ते के प्रति पूरी ईमानदारी रखनी चाहिए। किसी भी मजबूत रिश्ते की नींव भरोसे पर टिकी होती है और जब यह भरोसा टूटता है,

### राम चरण की फिल्म पेद्दी की ओटीटी रिलीज डेट आई सामने, 9 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक

वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन 400 करोड़ रुपये कमाने वाली साउथ एक्टर राम चरण स्टारर स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म पेद्दी की ओटीटी स्ट्रीमिंग की ऑफिशियल डेट का एलान हो गया है. पेद्दी को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है और फिल्म में राम चरण अलग-अलग एथलीट अवतार में दिख रहे हैं. फिल्म में उनकी हीरोइन बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हैं. चलिए अब जानते हैं फिल्म किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर किस तारीख को स्ट्रीम होने जा रही है.

पेद्दी ओटीटी पर 5 भाषाओं तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में स्ट्रीम होने जा रही है. पेद्दी आगामी 9 जुलाई को अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है.

# पवन कल्याण की ओजी 2 में पूजा हेगड़े होंगी शामिल? लग सकता है बड़ा दांव

पवन कल्याण की फिल्म दे कॉल हिम ओजी पिछले साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दर्शकों से मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, निर्माताओं ने इसकी दूसरी कड़ी का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। हाल ही में, अभिनेता की टीम की तरफ से एक पोस्ट के जरिए सीक्वल पर अपडेट साझा किया गया था। अब खबर है कि इस एक्शन ड्रामा के दूसरे भाग में अभिनेत्री के तौर पर पूजा हेगड़े को शामिल किया जा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ओजी 2 में पूजा को संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है। हालांकि निर्माताओं की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेजी से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। फिल्म की पहली कड़ी में प्रियंका मोहन ने मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाया था, लेकिन कहानी के बीच में उनकी मौत का दृश्य देखने को मिला था। इसलिए, सीक्वल के लिए पूजा का नाम चर्चा में है।

हाल ही में, निर्माताओं ने ओजी 2 का ऐलान



करते हुए एक वीडियो साझा किया था। इसमें पवन के साथ निर्देशक सुजीत की पहली रचनात्मक बैठक को दिखाया गया था। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, तूफान आने से पहले... एक पल का मौन छा जाता है। गंभीरा की अनकही कहानी अब सामने आने के लिए तैयार है। साथ में ओजी यूनिवर्स लिखा था। इस ऐलान के बाद से फैंस परियोजना को लेकर बेहद उत्साहित चल रहे हैं।

## 3 साल के बाद साइलेंट ड्रॉप के साथ रिलीज हुई दिलजीत दोसांझ की फिल्म पंजाब 95, मेकर्स ने नाम बदलकर टाइटल रखा सतलुज

पंजाब 95 आखिरकार आज, 3 जुलाई से जी5 पर हिंदी में स्ट्रीम हो ही है. साइलेंट ड्रॉप (बिना किसी बड़े प्रचार के रिलीज) के साथ ही इसकी चर्चा शुरू हो गई थी. फिल्म का नाम बदलकर सतलुज कर दिया गया है. हनी त्रेहान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अर्जुन रामपाल, कंवलजीत सिंह, सुविंदर विक्की और गीतिका विद्या ओल्यान मुख्य भूमिकाओं में हैं. पिछले कुछ सालों से सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के साथ अटकी हुई दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज (जिसे पहले पंजाब 95 नाम दिया गया था और जिसमें काफी देरी हुई) सीधे जी5 पर स्ट्रीम हो रही है. स्ट्रीमर ने यह एलान कर फैंस को खुशखबरी दी. ट्रेलर के अनुसार, यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के सफर को दिखाती है, जो पहले बैंक मैनेजर थे और जिन्होंने पंजाब में उग्रवाद के दौर में बड़े पैमाने पर लोगों के गायब होने और गैर-न्यायिक हत्याओं का पर्दाफाश किया था. यह फिल्म हजारों लोगों के रहस्यमय ढंग से गायब होने की भयावह सच्चाई और न्याय की तलाश कर रहे परिवारों द्वारा भुगती गई भारी मानवीय कीमत को सामने लाती है.

आतंकवाद, राजनीतिक हिंसा और डर से जूझते माहौल में, जहां हजारों लोग बिना किसी कारण के गायब हो गए और न्याय मिलना मुश्किल था, एक आम आदमी ने एक असाधारण सिस्टम के खिलाफ खड़े होने का फैसला किया. गायब हुए 25,000 से ज्यादा लोगों को न्याय दिलाने की उनकी दशकों लंबी कोशिशों की उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी.

शुरू में पंजाब 95 नाम की यह फिल्म तीन साल तक सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के पास अटकी रही. खबरों के मुताबिक, फिल्म में बड़े 127 कट और बदलाव की मांग की गई,

## वॉलमार्ट वृद्धि ने मध्य प्रदेश के एमएसएमई इकोसिस्टम को किया मजबूत




भोपाल- वॉलमार्ट वृद्धि ने आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन (आई2आई) के साथ मिलकर इंदौर, मध्य प्रदेश में वॉलमार्ट वृद्धि एमएसएमई कनेक्ट 2026 की मेजबानी की। मध्य प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के साथ साझेदारी में यह आयोजन किया गया। इस कनेक्ट में उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, एमएसएमई उद्यमियों और अन्य संबंधित लोगों ने हिस्सा लिया और राज्य के एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने और डिजिटल एडॉप्शन को गति देने के अवसरों पर चर्चा की। साथ ही छोटे उद्यमों को वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से विकास के नए अवसरों तक पहुंचने में मदद की गई। वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, जनरल मर्चेंडाइजिंग एंड फैशन सोर्सिंग अनवीश गुप्ता ने कहा, 'मध्य प्रदेश में एक डायनामिक एमएसएमई इकोसिस्टम है, जो आर्थिक विकास, इनोवेशन और रोजगार को गति देने में अहम भूमिका निभा रहा है।

मध्य प्रदेश सरकार के साथ इस गठजोड़ के माध्यम से वॉलमार्ट वृद्धि उद्यमियों को अपनी कारोबारी क्षमता बढ़ाने, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को अपनाने और बाजार में नए अवसरों तक पहुंचने में मदद कर रहा है। हम पूरे राज्य में इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को देखकर उत्साहित हैं और आगे भी दीर्घकालिक विकास के लिए जरूरी कौशल, मेंटरशिप और बाजार तक पहुंच के माध्यम से एमएसएमई को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

मध्य प्रदेश सरकार के माननीय एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य कश्यप ने कहा, 'एक सशक्त एमएसएमई क्षेत्र हमारे माननीय मुख्यमंत्री के %विकसित मध्य प्रदेश% के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 2047 तक राज्य में 1 करोड़ एमएसएमई स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू की गई %समृद्ध योजना% के माध्यम से हम उद्यमियों को अपने कारोबार का विस्तार करने, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने और पूरे प्रदेश में अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने में सक्षम बना रहे हैं। वॉलमार्ट वृद्धि जैसी साझेदारियां इन प्रयासों को और मजबूती प्रदान करती हैं। ये एमएसएमई को आवश्यक कौशल, बाजार से जुड़ाव और नए अवसर उपलब्ध कराकर उनके विकास को गति देती हैं।।

'इस आयोजन में 600 से ज्यादा एमएसएमई की उपस्थिति देखने को मिली। इसे मध्य प्रदेश सरकार के एमएसएमई विभाग के अधीन संचालित स्टार्टअप एमपी, मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम (एमपी एलयूएन), मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी), मध्य प्रदेश सरकार के बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एमपी-एसआरएलएम), ट्राईफेड भोपाल समेत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश (एआईएमपी), फिक्की एफएलओ इंदौर समेत क्षेत्रीय उद्योग संगठनों और फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ) जैसे विभिन्न संगठनों का सपोर्ट मिला।

# मस्कारा खरीदने से पहले इन 5 बातों का रखें ध्यान, मिलेगा सही विकल्प

मस्कारा एक ऐसी सुंदरता बढ़ाने वाली चीज़ है, जो आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने में मदद करती है। सही मस्कारा चुनना थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि बाजार में कई तरह के विकल्प उपलब्ध हैं।

ऐसे में आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आप अपने लिए सबसे अच्छा मस्कारा चुन सकें। इस लेख में हम आपको मस्कारा खरीदते समय ध्यान देने योग्य 5 अहम बातें बताएंगे, जो आपकी मदद करेंगी।

अपनी पलकों के प्रकार को समझें

मस्कारा खरीदते समय सबसे पहले अपनी पलकों के प्रकार को समझना जरूरी है। अगर आपकी पलकें पतली और हल्की हैं तो घना दिखाने वाला मस्कारा चुनें। इससे आपकी पलकें भरी-भरी दिखेंगी, वहीं अगर आपकी पलकें पहले से ही लंबी और घनी हैं तो आपको लंबाई बढ़ाने वाला मस्कारा चाहिए होगा। यह आपकी पलकें और भी ज्यादा आकर्षक बनाएगा और आपके लुक को खास बनाएगा।

ब्रश की बनावट पर ध्यान दें

मस्कारा खरीदते समय ब्रश की बनावट पर खास ध्यान देना चाहिए क्योंकि इसका असर आपके लुक पर



पड़ता है। अगर आप घने ब्रश वाले मस्कारा का इस्तेमाल करेंगे तो यह आपकी पलकें को अच्छी तरह से कोट करेगा और उन्हें अलग-अलग करेगा। वहीं अगर ब्रश पतला होता है तो यह आपकी पलकें को लंबा और घना बनाएगा। इसलिए अपनी जरूरत अनुसार ब्रश की बनावट चुनें ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे।

जलरोधी या सामान्य का चयन करें

मस्कारा खरीदते समय यह तय करना जरूरी है कि आपको पानी से बचाने वाला मस्कारा चाहिए या सामान्य। पानी से बचाने वाला मस्कारा बारिश, पसीने या आंसुओं से बचाता है और पूरे दिन चलता रहता है, वहीं सामान्य मस्कारा आसानी से साफ हो जाता है और त्वचा पर हल्का महसूस होता है। अगर आप रोजाना मेकअप करते हैं तो पानी से बचाने वाला मस्कारा बेहतर रहेगा क्योंकि यह लंबे समय तक टिकता है और ब्लेंडिंग में भी मदद करता है।

रंग का चयन करें

मस्कारा खरीदते समय रंग का चयन भी अहम होता है। काला रंग हमेशा सुरक्षित विकल्प होता है क्योंकि यह हर प्रकार की त्वचा पर सूट करता है और आंखों को खास लुक देता है। हालांकि, अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो भूरा या नीला जैसे रंग भी अच्छे लग सकते हैं। ये रंग आंखों को अलग अंदाज देते हैं और आपके लुक को खास बनाते हैं।

ब्रांड पर ध्यान दें

अंतिम लेकिन अहम बात यह है कि मस्कारा खरीदते समय ब्रांड पर ध्यान देना चाहिए। हमेशा किसी प्रसिद्ध ब्रांड का मस्कारा चुनें जो अच्छी गुणवत्ता और भरोसेमंद हो।

इससे आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे और आपकी आंखें खूबसूरत दिखेंगी। इन 5 बातों का ध्यान रखकर आप अपने लिए सही मस्कारा चुन सकते हैं जो आपकी आंखों को सबसे अच्छा लुक देगा।

# प्राणायाम को अपने रुटीन का बनाएं हिस्सा, मिलेंगे ये 5 स्वास्थ्य लाभ

प्राणायाम योग का एक अहम हिस्सा है, जो सांस की गति पर ध्यान केंद्रित करके शरीर और मन को संतुलित करता है। यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सेहत के लिए भी फायदेमंद है। प्राणायाम के अलग-अलग तरीके जैसे अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि का नियमित अभ्यास करने से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है और तनाव कम होता है। आइए आज हम आपको प्राणायाम के अभ्यास से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताते हैं।

तनाव को कम करने में है सहायक

प्राणायाम का नियमित अभ्यास तनाव को कम करने में बहुत मदद कर सकता है। जब हम गहरी सांस लेते हैं तो हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है, जो हमारे दिमाग को शांत और संतुलित रखती है। इसके अलावा यह हमारी मानसिक स्थिति को भी सुधारता है और हमें अधिक सकारात्मक



महसूस कराता है। प्राणायाम से हमारा ध्यान केंद्रित होता है और हम अपनी चिंताओं से दूर रहते हैं, जिससे तनाव का स्तर कम होता है।पाचन क्रिया को कर सकता है सुधार

प्राणायाम का नियमित अभ्यास पाचन क्रिया के लिए बहुत फायदेमंद होता है। गहरी सांस लेने से हमारे पेट में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जो पाचन रसों के उत्पादन को बढ़ाती है और हमारी आंतों को स्वस्थ रखती है। इसके अलावा प्राणायाम से हमारी आंतों की मांसपेशियों में मजबूती आती है, जिससे खाना आसानी से पचता है। नियमित प्राणायाम से कब्ज, गैस जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है और हमारा पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में है कारगर

प्राणायाम रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करता है। नियमित रूप से प्राणायाम करने से हमारे शरीर की रक्त संचार प्रणाली बेहतर होती है, जिससे पोषक तत्वों और ऑक्सीजन का वितरण पूरे शरीर में सही तरीके से होता है। इसके अलावा प्राणायाम से हमारी श्वसन प्रणाली भी मजबूत होती है, जिससे हम आसानी से सांस ले पाते हैं और हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है। इससे हमारा शरीर संक्रमण और बीमारियों से लडने् में सक्षम बनता है।

नींद की गुणवत्ता हो सकती है सुधार

प्राणायाम नींद की गुणवत्ता सुधारने में भी मददगार साबित हो सकता है। रात को सोते समय अगर हम कुछ मिनट तक हल्की सांस लेते रहें तो हमारी नींद गहरी होती जाती है और सुबह ताजगी महसूस होती है। प्राणायाम से हमारा मन शांत होता है और हम बेहतर तरीके से आराम कर पाते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -090

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 089 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरगी में मनोज कुमार चड़ार उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम घाट पिपरिया ने सूचना दी कि वह चाय का टपरा सुखसागर अस्पताल के सामने चलाता है, दिनांक 2-7-26 को दोपहर में उसे कुछ लोगों से जानकारी मिली कि सामने के जंगल में पेड़ में एक व्यक्ति फासी लगाकर लटका है, वह जाकर देखा उसकी पहचान का जावेन्द सिंह जो गुलबी प्लाट में चौकीदारी करता था जो मृत अवस्था में फासी पर लटका था। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।






## समस्याओं का नहीं हुआ समाधान तो घेरा जाएगा निगम मुख्यालय- कांग्रेस

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही जनता, कांग्रेस ने घेरा दमोहनाका जोन कार्यालय

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया के नेतृत्व में मंगलवार को नगर कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस पार्षद दल और जबलपुर शहर युवा कांग्रेस ने दमोहनाका स्थित जोन क्रमांक 6 एवं 14 का घेराव कर विभिन्न वार्डों की मूलभूत नागरिक समस्याओं को लेकर नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल हुए।

नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल ने आरोप लगाया कि पूर्व विधानसभा और उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के कई वार्डों में वर्षों से सड़क, पेयजल, सीवर, सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समस्याएं बनी हुई हैं। नगर निगम को कई बार शिकायतें और आवेदन देने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, जिससे आम नागरिकों में भारी नाराजगी है।

इन वार्डों की समस्याएं उठाईं

ज्ञापन में पूर्व विधानसभा के जाकिर हुसैन वार्ड, चितरंजन दास वार्ड और पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के साथ-साथ उत्तर मध्य विधानसभा के दीनदयाल वार्ड, राम मनोहर लोहिया वार्ड, राजीव गांधी वार्ड, गोविंद बल्लभ पंत वार्ड, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, महाराज अग्रसेन वार्ड, चेरीताल वार्ड और जयप्रकाश नारायण वार्ड की समस्याओं का उल्लेख किया गया। नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल का कहना है कि इन वार्डों के हजारों नागरिक लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं।

जर्जर सड़कें और जलभराव से बढ़ रही परेशानी

ज्ञापन में बताया गया कि अधिकांश सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जबकि बारिश के दौरान हालात और गंभीर हो जाते हैं।

कई क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे जलभराव, दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

पेयजल और सीवर व्यवस्था पर उठाए सवाल

नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल ने आरोप लगाया कि कई वार्डों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं मिल रहा है, जबकि कई इलाकों में दूषित पानी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। वहीं सीवर लाइनें जाम होने के कारण गंदा पानी घरों और सड़कों पर फैल रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बंद स्ट्रीट लाइट और बदहाल सफाई व्यवस्था

ज्ञापन में कहा गया कि कई मोहल्लों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से रात के समय अंधेरा रहता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है तथा आपराधिक घटनाओं की आशंका भी बढ़ रही है। साथ ही सफाई व्यवस्था को लेकर भी निगम प्रशासन पर सवाल उठाए गए। कांग्रेस का आरोप है कि कई स्थानों पर समय पर कचरा नहीं उठाया जाता, जिससे गंदगी फैल रही है और बरसात में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नियमित फॉगिंग और दवा छिड़काव भी पर्याप्त नहीं हो रहा है।

आवारा मवेशियों और सार्वजनिक सुविधाओं का मुद्दा भी उठाया

नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल ने शहर में बढ़ते आवारा मवेशियों की समस्या पर भी चिंता जताई। ज्ञापन में कहा गया कि मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं और यातायात प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा सार्वजनिक पार्कों, सामुदायिक भवनों और अन्य नागरिक सुविधाओं के रखरखाव की स्थिति भी खराब बताई गई।

नगर निगम से कीं ये प्रमुख मांगें

नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल ने नगर निगम से सभी जर्जर सड़कों की मरम्मत, नालियों और सीवर लाइनों की नियमित सफाई, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू करने, सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने, नियमित फॉगिंग कराने, आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने, सार्वजनिक पार्कों और सामुदायिक भवनों के रखरखाव तथा बारिश को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की।

इसके अलावा सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा निर्धारित कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश देने की भी मांग की गई।

कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यालय का होगा घेराव

नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा और नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल ने कहा कि यदि नगर निगम प्रशासन ने जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो क्षेत्र की जनता के साथ नगर कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस पार्षद दल और जबलपुर शहर युवा कांग्रेस द्वारा निगम मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर आदि उपस्थित रहे ।

---

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत सायबर सिक्यूरिटी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक नागरिक ही सुरक्षित डिजिटल समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।- डीएसपी, उमा कान्ती आर्मो

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।राज्य सायबर पुलिस जबलपुर एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के मध्य साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से卐सायबर सिक्यूरिटी जागरूकता कार्यक्रम卐 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में डीएसपी, उमा कान्ती आर्मो, राज्य सायबर पुलिस जबलपुर द्वारा विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों, कर्मचारियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल भुगतान सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक



नागरिक ही सुरक्षित डिजिटल समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, कार्यक्रम संयोजक ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सुरक्षित डिजिटल व्यवहार विकसित करने तथा जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में श्री राज शर्मा, श्री रामनरेश त्रिपाठी एवं श्री मोहित पांडे ने जानकारी देते हुये कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण अपनाने, संदिग्ध लिंक एवं ईमेल से सावधान रहने तथा अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों ने उनके व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा संबंधित हेल्पलाइन एवं पोर्टल की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ.ए.सी.तिवारी, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. मलय वर्मा, डॉ. विभा चैधरी, डॉ. अजय कुमार ठाकुर, डॉ. साक्षी मरावी, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. मीनाक्षी मेरावी के साथ बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

---

## आयुक्त नगर निगम जबलपुर के द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के अंतर्गत डीपीसी गठन हेतु प्रस्ताव पारित किया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के अंतर्गत प्रदेश के अंतर्गत आने वाले निगमों, मण्डलों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा स्थानीय निकायों की पदोन्नति के संबंध में समुचित निर्णय लेने हेतु सक्षम किया गया है।

?जिस संबंध में आज दिनांक 07.07.2026 को संघ अजाक्स व आकाश के मांग के आधार पर निवेदन अनुसार आयुक्त महोदय द्वारा डीपीसी प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नतियों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए। संबंधित विभाग को अविलंब कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र लखेरा, प्रांतीय महासचिव नगरीय निकाय प्रकोष्ठ म.प्र. एवं आकाश नगर ब्लाक अध्यक्ष सेख लाल आमों, संभागीय अध्यक्ष, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जबलपुर संभाग म.प्र. वरिष्ठ सदस्य सीएल मरावी, पवन सिह बरकड़े, विनोद धुर्वे, भानसिंह तेकाम, गुलाब सिंह इनवाती, महेन्द्र कोरी, अजीत तंतुवाय, रविकांत पुसाम, मुन्ना परस्ते, रीतेश धुर्वे, छुट्टन मरावी, अकबर अली, राजकुमार बमन आदि अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू क़ी मैहर पदयात्रा पहुंची जबलपुर

## जबलपुर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। छिंदवाड़ा सांसद श्री बंटी विवेक साहू क़ी मैहर धाम क़ी पदयात्रा सोमवार रात्रि को जबलपुर पहुंची, उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी साहू छिंदवाड़ा से मैहर धाम तक पैदल यात्रा का संकल्प लेकर 01 जुलाई को छिंदवाड़ा से निकले थे, जो जबलपुर पहुंची जहाँ जबलपुर के जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओ सामाजिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया। सांसद बंटी विवेक साहू की यात्रा 1 जुलाई को छिंदवाड़ा से प्रारम्भ हुई सिवनी, धुमा होते हुए 6 जुलाई को बरगी पहुंची जहाँ रात्रि विश्राम के पश्चात 7 जुलाई को पुन: बरगी से प्रारम्भ होकर तिलवारा, अंधमूक चौराहा होते हुए पाटन बायपास के समीप पहुंची जहाँ रात्रि विश्राम हुआ. यात्रा पुन: 8 जुलाई को आगे गनतव्य को रावना होंगी जो कटनी होते हुए 13 जुलाई को मैहर पहुंचगी. मैहर में 14 जुलाई को पूजन अर्चन किया जायेगा और यात्रा सम्पन्न होंगी।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करते हुए भी हम आध्यात्म और धर्म से जुड़े रहे साथ इस उद्देश्य को लेकर यात्रा प्रारम्भ की है. इस यात्रा में सभी का सकारात्मक सहयोग मिल रहा है इस हेतु सभी का आभार व्यक्त करता हूँ।

सांसद बंटी साहू की मैहर पदयात्रा के जबलपुर आगमन पर सांसद आशीष दुबे, बरगी विधायक नीरज सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व महापौर प्रभात साहू, रविकिरण साहू, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू आदि ने स्वागत किया। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष पवन पांडे, मनोज सेठ, उज्जवल पचौरी, विक्रम परवार, सौरभ यादव ने यात्रा का स्वागत किया। साहू समाज जबलपुर से राधेश्याम साहू, चौधरी मुकेश साहू, आभा साहू वीरेंद्र साहू, हरीश साहू, रविशंकर साहू, राजेश साहू पप्पू, मनीष साहू, सुधीर साहू, हेमंत साहू, रमेश साहू, कमलेश साहू, आकाश साहू आदि ने स्वागत किया।

---

## सभी आवेदकों को मौके पर ही मिला समाधान, संबंधित अधिकारियों को बुलाकर सभी आवेदनों का कराया निराकरण

# नगर निगम की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 36 आवेदन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम मुख्यालय और सभी संभागीय कार्यालयों में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई नागरिकों के लिए बेहद राहत भरी साबित हुई। जनसुनवाई में आज निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार सुनवाई करने पहुंचे और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया। मुख्यालय में आयोजित सुनवाई के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने लगातार नागरिकों की समस्याओं को सुना और प्राप्त सभी 36 आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी आवेदक काम कराकर चेहरों पर मुस्कान लेकर लौटे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 36 शिकायतें 9 अतिक्रमण विभाग, 9 भवन शाखा, 4 स्वास्थ विभाग, 1 जल, ,3 संपदा शाखा, 2 कॉलोनी सेल, 1 शासकीय योजना, 1 हांका गैंग, 2 उद्यान, 1 अग्नि शमन, 2 संभाग क्रमांक 06, 1 संभाग क्रमांक 15 की प्राप्त हुईं। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बिना समय गंवाए सभी शिकायतों को संबंधित विभागों में प्रेषित किया। इसमें से राजस्व और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई मामलों का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर आवेदकों को तुरंत राहत पहुंचाई गई।

मुख्यालय के साथ-साथ नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई की गयी। संभाग स्तर पर कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। संभागीय अधिकारियों ने सक्रियता दिखाते हुए सभी 32 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, सौरभ मिश्रा, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, संभव अयाची, श्रीमती शिवांगी महाजन संदीप जायसवाल, जनसुनवाई प्रभारी सहायक आयुक्त वेद प्रकाश चैधरी, गुलाब इनवाती, सुनील दुबे, विष्णु, देवेंद्र पटेल, असद, सतीश मिश्रा, आशा चैधरी व समस्त विभागीय प्रमुख व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# उद्योगों के विकास हेतु फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने की एमएसएमई मंत्री से चर्चा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष हिमांशु खरे के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री को उद्योगों को फायर एनओसी से छूट देने, निर्यातोन्मुखी ट्रांसपोर्ट सब्सिडी आदि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन किया।

मंत्री श्री कश्यप ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही फायर एक्ट के पास होने पर फैक्ट्री लायसेंस के अन्तर्गत आने वाले उद्योगों को छूट दी जाएगी तथा जो इसमें शामिल नहीं हो पा रहे है उनके लिए प्रकिया को सरल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सब्सिडी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट सब्सिडी योजना निर्यातकों की मांग पर प्रारंभ की गई थी ताकि उनकी परिवहन लागत कम हो सके और वे वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान में इस योजना का अपेक्षित उपयोग नहीं हो रहा है तथा इसके अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हेतु फेडरेशन शासन की सहायता करें। इसके साथ ही मंत्री जी ने अधिकाधिक निर्यातकों एवं उद्योगों से इस योजना का लाभ लेने का आग्रह किया।

फेडरेशन ने सुझाव दिया कि प्रदेश के निर्यातकों को प्रतिवर्ष उनकी आवश्यकता एवं पसंद के अनुसार दो अंतरराष्ट्रीय ट्रेड फेयर में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाए तथा इस पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाए। इस पर मंत्री श्री काश्यप ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष हिमांशु खरे, संयुक्त अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार पोरवाल, डॉ. आर.एस. गोस्वामी, अशोक आनंद, विजय गौर, मदनलाल गुर्जर, प्रवीण आचार्य, डॉ. सुरेन्द्र सिंह एवं राजेश हिरवे शामिल रहे।

---

## नान्देड-टनकपुर-नान्देड के बीच नई ट्रेन सेवाएं प्रारम्भ

# पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों पर ठहराव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 17631/17632 हजूर साहिब नान्देड-टनकपुर-हजूर साहिब नान्देड सप्ताहिक एक्सप्रेस के मध्य एक नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई है।

इस नई ट्रेन का संचालन 12 जुलाई 2026 से प्रत्येक रविवार को हजूर साहिब नान्देड रेलवे स्टेशन और 14 जुलाई 2026 से प्रत्येक मंगलवार को टनकपुर रेलवे स्टेशन से सेवाएं प्रारम्भ हो रही है। यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है ः-

गाड़ी संख्या 17631 हजूर साहिब नान्देड-टनकपुर सप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक रविवार को अपने प्रारम्भिक स्टेशन हजूर साहिब नान्देड से रात्रि 23:40 बजे रवाना होकर, दूसरे दिन सोमवार को इटारसी रेलवे स्टेशन सुबह (11:55/12:05 बजे), रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (13:40/13:45 बजे) एवं बीना रेलवे स्टेशन (15:55/16:00 बजे) पर आगमन/प्रस्थान कर और तीसरे दिन मंगलवार सुबह 05:55 बजे टनकपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 17632 टनकपुर-हजूर साहिब नान्देड सप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक मंगलवार अपने प्रारम्भिक स्टेशन टनकपुर से सुबह 09:00 बजे रवाना होकर अगले दिन बीना रेलवे स्टेशन मध्यरात्रि (00:50/00:53 बजे), रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (02:40/02:50 बजे), इटारसी रेलवे स्टेशन (04:15/04:20 बजे) पर आगमन/प्रस्थान कर और बुधवार शाम 16:30 बजे हजूर साहिब नान्देड रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

ठहराव ः- पूर्णा जंक्शन, बसमत, हिंगोली, वाशिम, अकोला जंक्शन, मलकापुर, खण्डवा जंक्शन, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, ललितपुर जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर जंक्शन, धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, कासगंज जंक्शन, बदायूँ, बरेली जंक्शन, इज्ज़तनगर, पीलीभीत जंक्शन एवं खटीमा ।

---

# भोजशाला प्रकरण के याचिकाकर्ता डॉ.एच. पी. तिवारी सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भोजशाला बनाम कमाल मौला मस्जिद प्रकरण के याचिका कर्ता के रूप में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के द्वारा धार की भोजशाला में विगत 721 वर्षों से जारी नमाज पर रोक लगवाकर संपूर्ण भोजशाला परिसर में हिंदुओं का अधिकार स्थापित करवाने वाले सनातनी योद्धा डॉ.एच. पी.तिवारी को धर्म जागरण मंच द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि व मराठी साहित्य अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले ने डॉ.तिवारी की धर्मनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए उन्हें सच्चा सनातनी योद्धा निरूपित किया । डॉ.एच. पी.तिवारी ने भोजशाला विजय को संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों की विजय बताते हुए युवाओं का आह्वान किया कि वे सनातन के संरक्षण संवर्धन के लिए कृत संकल्पित हों। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बी.एल.गौतम ने किया।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर कार्यशाला का आयोजन आज

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 को प्रभावी, समन्वित और जिम्मेदारी से लागू करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 08 जुलाई 2026 को समय सुबह 11:00 बजे से सुभाष चन्द्र बोस कन्वेंशन सेंटर, घंटाघर में किया गया है। इस कार्यशाला में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, एम आई सी सदस्य डॉ सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, समस्त पार्षदगणों के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहेंगे।निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी संबंधित जनों, अधिकारियों कर्मचारियों से निर्धारित समय के पूर्व कार्यशाला में पधारने अपील की है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। बरेला थाना अंतर्गत ग्राम महगवां काशी निवासी सुनील खरकोंदा उम्र 46 वर्ष ने नंदकिशोर तिवारी और दिनेश तिवारी के खिलाफ घर में तोड़फोड़ और सामान गायब करने का मामला दर्ज कराया है। सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 जून को दोपहर 3-4 बजे के बीच जब वह घर पर नहीं था, तब पड़ोसी नंदकिशोर और दिनेश ने सूने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। आरोपियों ने न केवल घर के मुख्य द्वार को हटाकर वहां दीवार खड़ी कर दी,

# निदान वॉटरफॉल में बढ़ा जलस्तर, बीच धारा में फंसे दो युवक; पुलिस-वन विभाग ने सुरक्षित निकाला



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर के कटंगी क्षेत्र स्थित निदान वॉटरफॉल में सोमवार शाम पिकनिक मनाने पहुंचे दो युवक अचानक जलस्तर बढ़ने से बीच धारा में फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय के अनुसार, अधारताल निवासी आर्यन बर्मन (23) और कंचनपुर निवासी हर्ष शुक्ला (24) शाम करीब 5 बजे निदान वॉटरफॉल घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान पहाड़ी क्षेत्रों में हुई तेज बारिश के कारण वॉटरफॉल का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे दोनों युवक तेज बहाव के बीच फंस गए।

अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन पुलिस और वन विभाग की टीम ने रात 8 से 9 बजे के बीच दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

प्रशासन ने जारी की चेतावनी

घटना के बाद वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि मानसून के दौरान वॉटरफॉल और नदी-नालों के आसपास विशेष सावधानी बरतें। बारिश शुरू होते ही या बादल घिरने पर तुरंत डेंजर जोन छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं और रात के समय जलप्रपातों के आसपास जाने से बचें।

बगदरी हादसे की याद हुई ताजा

इस घटना ने पाटन के बगदरी वॉटरफॉल में हुए दर्दनाक हादसे की याद भी ताजा कर दी, जहां अचानक जलस्तर बढ़ने से एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई थी। प्रशासन ने लोगों से प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

## जुए के फड़ों पर छापा, 07 जुआडी गिरफ्तार, 9 हजार 700 रूपये जप्त

**जबलपुर** - थाना प्रभारी हनुमानताल श्री सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि मथुरा सेठ बाड़ा मजार के पास हनुमानताल में बिजली खम्बा के नीचे उजाले में कुछ जुआड़ी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां कुछ जुआड़ी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जिन्हें घेरा बंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर जुआड़ियों ने अपने नाम क्रमश: नितिन पीपड़ा उम्र 36 वर्ष निवासी सिंधी केम्प, विक्की अविद्रा उम्र 38 वर्ष निवासी खटीक मोहल्ला बड़ी खेरमाई के पास, विक्रम उर्फ विक्की घनघोरिया उम्र 40 वर्ष निवासी खटीक मोहल्ला, प्रशांत खटीक उम्र 26 वर्ष निवासी खटीक मोहल्ला, मोंटू उर्फ युवराज खटीक उम्र 38 वर्ष

## व्यापारियों ने पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप

# बेलबाग में पान मसाला व्यापारी की दुकान में लाखों की चोरी



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** बेलबाग थाना क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। बीती रात चोरों ने पान मसाला कारोबारी की दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये मूल्य का माल पार कर दिया। व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

जबलपुर पान मसाला व्यापारी संघ के सदस्य सचिन जैन ने बताया कि उनके व्यापारी मित्र एवं भतीजे सौरभ जैन की फर्म %सूर्यांश ट्रेडर्स% (बेलबाग क्षेत्र) में चोरों ने देर रात धावा बोला। बदमाश दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और करीब 15 से 20 लाख रुपये कीमत की आईटीसी और जीपीआई कंपनी की सिगरेट चोरी कर ले गए।

व्यापारियों का आरोप है कि बेलबाग थाना क्षेत्र में चोरी, छिनैती और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उनका कहना है कि तीन दिन पहले ही एक अन्य व्यापारी से 70 हजार रुपये की लूट हुई थी, जिसके बाद भी सुरक्षा व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ।

पान मसाला व्यापारी संघ ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि व्यापारियों में सुरक्षा का विश्वास कायम हो सके।

# चरगवां पुलिस की कार्रवाई, 140 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चरगवां पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 140 लीटर कच्ची शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14 हजार रुपये बताई गई है।

थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हीरापुर नाला के पास दो युवक बड़ी मात्रा में कच्ची शराब लेकर ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अंशुल मरकाम (21) और श्रीराम बरकड़े (21), निवासी ग्राम मरहापाठा, थाना बरगी बताए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से दो केनों में भरी 70 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई।

इसी दिन पुलिस ने दूसरी कार्रवाई ग्राम सोमती केनाल के पास की। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अंकित कुमार गोंड (19), निवासी ग्राम मरहापाठा, थाना बरगी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से भी दो केनों में भरी 70 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई।

चरगवां पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आटो में अवैध रूप से गैस रिफलिंग करते हुये आरोपी पकड़ा गया

**जबलपुर-** थाना पनागर में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि पड़ाव मोहल्ला पनागर निवासी बड्डू बर्मन मोहित टेंट हाउस के सामने पड़ाव मोहल्ला में अवैध रूप से आटो में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिफलिंग कर रहा है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति मोहित टेंट हाउस के सामने पड़ाव मोहल्ला में इंडेन कम्पनी के एलपीजी गैस सिलेण्डर को तौल कांटा में रखकर गैस रिफलिंग मोटर पम्प के माध्यम से आटो क्रमांक एमपी 20 आर 7411 में लापरवाही पूर्वक गैस रिफलिंग करते दिखा, आटो चालक पुलिस को देखकर भाग गया, गैस रिफलिंग करने वाले व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम बड्डू बर्मन उम्र 33 वर्ष निवासी पड़ाव मोहल्ला पनागर बताया,

# दो युवकों का अपहरण कर प्राणघातक हमला करने वाले कुख्यात बदमाश गिरफ्तार, इनोवा कार जब्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर के तिलवारा क्षेत्र से मोहम्मद कामरान अली व राहुल शर्मा का इनोवा कार से अपहरण कर प्राणघातक हमला करने वाले तीन कुख्यात बदमाशों को पुलिस ने सरगर्मी से तलाश करते हुए बंदी बना लिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक के खिलाफ पहले से कई अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू व इनोवा कार जब्त कर ली है।




पुलिस के अनुसार मोहम्मद कामरन अली उम्र 24 वर्ष निवासी नया मोहल्ला ओमती अपने दोस्त राहुल शर्मा के साथ शेरे पंजाब ढाबा तिलवारा खाना खाने आया था। जहां से वह रात 2-30 बजे स्कूटी से घर जाने के लिए निकला, जब वह तिलवारा पुल से आगे बढ़ रहा था। इस दौरान इनोवा कार से आए अमन कोल, बहत्तर सिंह, निक्की एवं उनके साथियों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। यहां तक कि कामरान व राहुल पर चाकु से हमला कर दिया। हमला होते ही राहुल भाग गया। वहीं अमन कोल और उनके साथियों ने कामरान को कार में बिठाया और रांझी खमरिया तरफ ले गए। रास्तें में बदमाशों ने कामरान पर चाकू, लाठी से हमला किया, इसके बाद रांझी अस्पताल के पास छोड़कर भाग निकले। घायल कामरान की सूचना पर भाई अमान खान और मोहम्मद अरमान अली पहुंचे और रांझी अस्पताल में इलाज कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी अमन कोल 21 वर्ष निवासी गांधी चौक मानेगांव थाना रांझी, विशाल ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी मानेगांव थाना रांझी, चंद्रभान वर्मा उर्फ बहत्तर सिंह पिता विश्वनाथ वर्मा उम्र 29 वर्ष निवासी मनमोहन नगर थाना रांझी को तलाश करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गये आरोपी आपराधिक प्रवृति के हैं आरोपी चंद्रभान वर्मा उर्फ बहत्तर सिंह के विरूद्ध मारपीट, हत्या का प्रयास, आयुध अधिनियम, आबकारी एक्ट सहित पूर्व से 15 अपराध तथा आरोपी अमन कोल के विरूद्ध हत्या का प्रयास, आयुध अधिनियम मारपीट, आबकारी एक्ट, विस्फोटक अधिनियम, अवैध वसूली सहित पूर्व से 16 अपराध पंजीबद्ध हैं।

## आगा चौक पर बदमाशों ने दो युवकों को सरेराह घोंपा चाकू हालत गंभीर

जबलपुर। शहर के लार्डगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगा चौक पर देर रात पेट्रोल के पैसे मांगने और न देने पर विवाद में दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसारए बड़ी उखरी ;विजयनगरद्ध निवासी कन्हैया रैकवार ;24 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 11 बजे वह अपने साथी विनय रैकवार के साथ एक्टिवा से बल्देवबाग से उखरी की ओर जा रहा था। जैसे ही वे आगा चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचेए वहां पहले से मौजूद यश ठाकुर और यश बेन ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने उनसे जबरन पेट्रोल डलाने के लिए

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q -199 दिनांक 07.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती लीना वाटे, पति श्री किरन वाटे** ने मकान नं. 44एवं 45 सम्पत्ति पिन नं. 1002885857 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड ,** क्षेत्रफल 1770 व.फु., भूतल 1500 व.फु., प्रथमतल 400 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q -197 दिनांक 07.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री आशुतोष चौरसिया, पिता श्री रामचन्द्, 2. श्रीमती पूजा चौरसिया, पति श्री आशुतोष चौरसिया** ने मकान नं. बी- 7 सम्पत्ति पिन नं. 1002967528 **वार्ड स्वामी विवेकानंद-21 वार्ड ,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 609 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q -198 दिनांक 07.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री पंकज चौरसिया, पिता श्री आर.के. चौरसिया, 2. श्रीमती अनामिका चौरसिया, पति श्री पंकज चौरसिया** ने मकान नं. बी- 8 सम्पत्ति पिन नं. 1004510607 **वार्ड स्वामी विवेकानंद-21 वार्ड , क्षेत्रफल 1000 व.फु.,** भूतल 609 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 250 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री वीरेन्द्र कुमार दुबे, पिता- लक्ष्मी प्रसाद दुबे** ने मकान क्रं. ....... पता- खैरी, खसरा नं. 47 **वार्ड. 75, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल प्लाट 13426 व.फु., भूतल जी.एफ. 3500 व.फु. टीन शेड, जी.एफ. 4000 व.फु. टीन शेड, इन्ट्रस्टीज, आर.सी.सी. 6760 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 257 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती उमा कुमारी, पति श्री गौतम कुमार** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 4 पता- खसरा नं. 258/2/1/2 इन्द्रलोक फेस- 2 **वार्ड. 75, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल प्लाट- 1250 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 251 दिनांक - 06/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. प्रियंका गोल्हानी, 2. संध्या गोल्हानी, पिता- जगदीश प्रसाद गोल्हानी** ने मकान क्रं. ख. नं. 453/29 पता- करमेता भगवान परसूराम **वार्ड. 73, वार्ड** भगवान परशुराम, कुल क्षेत्रफल 760 व.फु., भूतल 720 व.फु., प्रथमतल 720 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 258 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री दीपक पटैल, पिता श्री सुरेश कुमार पटैल** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 420 पता- खसरा नं. 173/1 एवं 173/2 रिमझा **वार्ड. 72, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 254 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सोनम साहू, पति श्री नीलेश साहू** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 90 पता- मौजा रिमझा, **वार्ड. 72, वार्ड** ....., भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 262 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती ज्योति असाटी, पति श्री प्रमोद असाटी** ने मकान क्रं. खसरा नं. 273/32 का भाग पता- शारदा नगर, करमेता, भगवान परशुराम वार्ड **वार्ड. 73, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल 1180 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 261 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सोनल अग्रवाल, पति श्री प्रकाश अग्रवाल** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 73 पता- बुलबुल बिल्डडॅान रैमवा, बृद्धि परिसर, दादा ठनठन पाल वार्ड **वार्ड. 72, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल 996 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 259 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सोनल अग्रवाल, पति श्री प्रकाश अग्रवाल** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 71 पता- बुलबुल बिल्डडान , बृद्धि परिसर रैगंवा, दादा ठनठन पाल वार्ड **वार्ड. 72, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल 996 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 260 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सोनल अग्रवाल, पति श्री प्रकाश अग्रवाल** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 72 पता-बृद्धि परिसर रैगंवा, दादा ठनठन पाल वार्ड **वार्ड. 72, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल 996 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 255 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री ललित नारायण पाठक, पिता- मदन मोहन पाठक** ने मकान क्रं. ...... पता-करमेता, खसरा नं. 244/21/2 एस का भाग **वार्ड. 73, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल प्लाट- 1073 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 252 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रूपाली कोरी, पति श्री अरविंद कुमार कोरी** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 108 पता- कचनारी- 72- ठनठन पाल वार्ड **वार्ड. 72, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल प्लाट- 1500 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 253 दिनांक - 07/07/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मनीष ठाकुर, पिता- नरेन्द्र सिंह ठाकुर** ने मकान क्रं. .......... पता- प्लाट नं. 37 एवं 38, सिल्वर पार्क फेस- 4 वार्ड 73 **वार्ड. 73, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल प्लाट- 1980 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096